दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 63
कोटद्वार सोमवार
26 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 11 साल की सजा

**चमोली।** जिला एवं विशेष सत्र न्यायालय ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को 11 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड नहीं देने पर दो माह अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा। कोर्ट ने पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत पीड़िता को प्रतिकर के रूप में पांच लाख रुपये 30 दिन के अंतर्गत देने के जिलाधिकारी चमोली को निर्देश दिए हैं। जिला सत्र एवं विशेष सत्र न्यायाधीश धनंजय चतुर्वेदी ने सजा का ऐलान किया है। मामले में पीड़िता की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजन पोक्सो मोहन पंत ने बताया कि मामला पोखरी थाना क्षेत्र का है। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया कि वह अपनी दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में गई थी। वहां आरोपी सुभाष सिंह ने उसे शीतल पेय में नशीला पदार्थ खिलाकर पिला दिया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। मार्च 2019 में आरोपी फिर उसके घर गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता गर्भवती हुई तो उसने इस बारे में सुभाष को बताया। सुभाष ने कहा वह सब ठीक कर देगा और यदि उसने घर वालों को बताया तो वह खुद को मार देगा और तेरे परिवार वाले जेल चले जाएंगे, जिससे पीड़िता चुप हो गई। इस बीच पीड़िता की शादी कहीं अन्य जगह तय हो गई। उसने सुभाष को इसकी जानकारी दी तो उसने पीड़िता पर शादी करने के लिए दबाव बनाया।

# बारिश के बाद रोकी गई केदारनाथ यात्रा

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश हुई है। मैदानी और पहाड़ी दोनों ही इलाकों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। इस बीच प्रशासन ने फिलहाल केदारनाथ यात्रा को रोक दिया है। सोनप्रयाग में केदारनाथ यात्रा को रोका गया है। भारी बारिश से बने हालात को देखते हुए श्रद्धालुओं को सोनप्रयाग में रोका गया। रुद्रप्रयाग जिले में हुई भारी बारिश को देखते हुए प्रशासन ने यह यह निर्णय लिया है। रुद्रप्रयाग के डीएम मयूर दीक्षित ने मीडिया को यह जानकारी दी है। उत्तराखंड के कई जिलों में काफी बारिश हुई है। अनेक स्थानों पर भू स्खलन के कारण रास्ते बन्द हो गए हैं। मैदानी इलाकों में नालों की सफाई न होने के कारण लोगों के घरों में पानी घुसने से समस्या खड़ी हो गई है। जबकि पर्वतीय इलाकों में भू स्खलन के कारण सड़कें टूट रही हैं और पहाड़ों से बड़े बोल्डर सड़कों पर गिरने से आवाजाही पर असर पड़ा है। केदारनाथ यात्रा अगले आदेश तक रोक दी गई है। उत्तरकाशी में खेत में काम कर रहे तीन लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घायल हो गए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के कंट्रोल रूम में पहुंचे और राज्य में भारी बारिश से बने हालात का जायजा लिया। आपदा प्रबंधन विभाग का कार्यालय सचिवालय में स्थित है। यहां सीएम अचानक ही पहुंचे थे और अधिकारियों से उन्होंने जानकारी हासिल की है। सीएम ने मौसम के हालात, बारिश, बाढ़ के हालात और बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली। मौसम विभाग के मुताबिक, हरिद्वार में पिछले 24 घंटे में 78एमएम बारिश दर्ज की गई है। इसी तरह देहरादून में 33.2 और उत्तरकाशी में 27.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को सीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में आगे भारी बारिश के हालात बन रहे हैं। सीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी राज्यों से म्यूचुअल कम्यूनिकेश और कोऑर्डिनेशन बनाए रखें ताकि आपातकालीन हालत में समय पर कार्रवाई की जा सके। सीएम ने इसके साथ ही अधिकारियों का आदेश दिया है कि हमेशा अलर्ट की स्थिति में रहें ताकि लोगों को समय रहते किसी भी आपदा से बचाया जा सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नदियों के नजदीक रहने वाले लोगों को वहां से निकालना चाहिए। सीएम ने कहा कि लोगों को पुनर्वास करने की स्थिति में उनके लिए बेहतर सुविधा होनी चाहिए। सीएम ने कहा है कि राहत कैंपों में लोगों के रहने और खाने की समुचित व्यवस्था करें। उनके विशेष ध्यान रखा जाए। सीएम ने इसके साथ कहा कि नालियों को साफ–सुथरा रखा जाए ताकि पानी जमा ना हो।

सीएम ने यह भी निर्देश दिया है कि संवेदनशील जगहों के लिए जेसीबी की तैनाती रखें। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून काफी तेजी से बढ़ रहा है। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, चंपावत, पिथौरागढ़ समेत कुछ अन्य जनपदों में भारी बारिश हो सकती है। उत्तरकाशी के पुरोला के कंडियाल गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक शक्स की मौत हो गई है। 22 जून को डीजीपी अशोक कुमार ने बताया था कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान 30 लाख से ज्यादा यात्रियों ने चार धाम की यात्रा की है। इसमें से 10 लाख से ज्यादा लोगों ने अब तक केदारनाथ की यात्रा की है। उन्होंने आगे यह भी कहा था कि इस यात्रा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और आसान सफर मुहैया कराने की कोशिशें की जा रही हैं।

## उच्च हिमालयी क्षेत्रों में 30 जून तक ट्रेकिंग पर रोक



**पिथौरागढ़, एजेंसी।** उत्तराखंड में मानसून ने दस्तक दे दी है। जिसके चलते मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन पहाड़ से मैदान तक मौसम खराब रहने के असार जताए हैं। ऐसे में पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से उच्च हिमालयी क्षेत्र में ट्रेकिंग पर 30 जून तक रोक लगा दी है। जिलाधिकारी रीना जोशी ने इस अवधि में उपजिलाधिकारियों और पर्यटन विभाग को निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। खराब मौसम को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में 29 जून तक अवकाश घोषित किया गा है। जिलाधिकारी जोशी ने कहा है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए 26 से 29 जून तक आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश रहेगा।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर उफनाए गदेरे, पत्थर गिरने से टैक्सी चालक की मौत



**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।** उत्तराखंड में रविवार सुबह से हो रही बारिश से पहाड़ों पर जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। केदारनाथ पैदल मार्ग पर गदेरे उफान पर आ गए। भारी बारिश को देखते हुए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने सुबह करीब 10:30 बजे केदारनाथ यात्रा रोक दी। यात्रियों को सोनप्रयाग में ही रोक दिया गया। सोनप्रयाग में एक्रो पुल के समीप खड़ी मैक्स के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिर गए जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान वाहन में अन्य कोई और नहीं था। रविवार को अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे सोनप्रयाग बाजार से लगभग आधा किमी आगे एक्रो पुल के दूसरे छोर पर अनिल सिंह बिष्ट (50) निवासी बरम्वाड़ी ने अपना वाहन हाईवे किनारे खड़ा किया। इस दौरान वह वाहन का लॉक ठीक करने लग गए। तभी पहाड़ी से पत्थर वाहन की छत को तोड़ते हुए अंदर जा गिरे जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस व आपदा प्रबंधन द्वारा मशीन से वाहन में गिरे पत्थर हटाने के बाद शव को बमुश्किल से निकाला गया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, टैक्सी–मैक्सी यूनियन के जिलाध्यक्ष राय सिंह राणा सहित अन्य लोगों ने घटना पर दुख जताया है।

## मोदी को पापुआ न्यू गिनी, फिजी समेत 12 देश कर चुके हैं सम्मानित, मिस्र ने भी अब सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

नई दिल्ली,दुनियाभर के तमाम मुल्कों ने मौजूदा परिस्थितियों में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोहा माना है। भारत समेत दुनियाभर के तमाम देशों में 'मोदी–मोदी' की गूंज सुनाई दे रही है। तीन दिवसीय अमेरिकी दौरा पूरा कर मिस्र पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत हुआ। उनकी शान में प्रवासी महिलाओं ने भारतीय गीत गुनगुनाया। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी को रविवार को मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' (किलादत एल निल) से नवाजा गया। हालांकि, यह कोई पहला मौका नहीं है जब प्रधानमंत्री मोदी को किसी देश के सर्वोच्च राजकीय सम्मान से सम्मानित किया गया हो। इससे पहले भी पापुआ न्यू गिनी, सऊदी अरब समेत 12 देश प्रधानमंत्री को सम्मानित कर चुके हैं और हिंदुस्तान के सामने दूसरे मुल्कों के राष्ट्राध्यक्षों ने आदरपूर्ण अपना शीश झुकाया है।

## किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए हरदम अलर्ट रहें सभी विभाग: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सचिवालय स्थित राज्य आपदा प्रबंधन कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर प्रदेश भर में जारी भारी बारिश की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा कंट्रोल रूम से प्रदेश में मौसम की वर्तमान स्थिति, बारिश की स्थिति, बारिश से हुए जलभराव एवं नुकसान के बारे में जानकारी प्राप्त की।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य के अंतर्गत जिन जिलों में अत्यधिक बारिश जारी है एवं आगे भी भारी वर्षा की संभावना है। उन सभी जिलों के साथ परस्पर संवाद एवं समन्वय बनाकर रखें। ताकि आपातकाल की स्थितियों से समय रहते निपटा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आपदा राहत एवं बचाव कार्यों हेतु हमेशा अलर्ट मोड के रहने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश भर में नदी एवं नालों के इर्द–गिर्द रहने वाले लोगों को सतर्कता बरतने को कहा जाए। लोगों को पुनर्वास करने की स्थिति में प्रत्येक जिले में पर्याप्त मात्रा में रैन बसेरा, राहत सामग्री हो। इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा जलभराव की स्थिति में पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था हो।



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 526 लोगों ने कराई जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून की ओर से कोटद्वार के पदमपुर स्थित श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कालेज में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 526 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में महंत इन्द्रेश अस्पताल देहरादून की टीम ने मरीजों के ब्लड शुगर, बी. पी., ईसीजी, थायराइड, लीवर, किडनी, लिपिड प्रोफाइल सहित नेत्रों की निःशुल्क जांच की और दवाइयां वितरित की। कालेज प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल ने महंत इन्द्रेश अस्पताल के संस्थापक महंत देवेन्द्र दास का जनता की ओर से आभार प्रकट किया। शिविर में अस्पताल के डा. प्रांजल जोशी, डा. राहुल जिन्दल, डा. विकास थलेडी, डा. फिरोजा महक, डा. प्रीति मान, डा. प्रकृति पोखरियाल, डा. दीपक चौधरी और डा. हर्षिता शर्मा सहित अन्य डाक्टरों ने मरीजों की जांच की।

# बारिश ने खोली प्रशासन के दावों की पोल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नगर निगम प्रशासन के मानसून में जलभराव से निपटने के दावों की पोल रविवार को सुबह हुई झमाझम बारिश ने खोलकर रख दी। शहर के मुख्य मार्गों से लेकर गलियां तालाब में तब्दील हो गईं। क्षेत्र की खोह, सुखरो, मालन नदियों सहित अन्य गधेरों का जल स्तर भी बढ़ गया है। जल भराव से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हुई। वहीं कई जगहों पर लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



काशीरामपुर तल्ला में सड़क में जमा बारिश का पानी।

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में जहां शनिवार को बारिश होने से लोगों ने राहत महसूस की, वहीं रविवार की सुबह से हुई तेज बारिश ने आम जन की परेशानी बढ़ा दी। तेज बारिश के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। सड़कों पर पानी भर गया, साथ ही क्षेत्र की नदियों का जल स्तर भी बढ़ गया। साथ ही सड़कों और गलियों में जल भराव से लोगों को आफत भी झेलनी पड़ी। बदरीनाथ मार्ग, झण्डाचौक, स्टेशन रोड, देवी रोड, आमपड़ाव, सिताबपुर रोड पर नालियां चौक होने से बारिश का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहता रहता।

जगह-जगह जलभराव ने ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोलकर रख दी। सड़क पर पानी भरा होने के कारण दुपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने कहा कि चार से पांच घटों की बारिश में शहर का यह हाल है तो दिनभर बारिश हुई तो शहर की क्या स्थिति होगी। प्रशासन को समस्या का स्थायी हल करना चाहिए। लोगों का कहना है कि हर साल बारिश का पानी घरों में घुसने से नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

# कोटद्वार-बुआखाल नेशनल हाईवे पर गिरे बोल्डर, लगा जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नजीबाबाद बुआखाल नेशनल हाईवे दुगड्डा और कोटद्वार के बीच सड़क पर बोल्डर आने से बाधित हो गया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि एनएच के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बोल्डरों को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाकर मार्ग पर यातायात सुचारू किया।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 534 पर कोटद्वार-दुगड्डा के बीच दुर्गादेवी मंदिर के पास पहाड़ी से बोल्डर गिरकर सड़क पर आ गये। जिस कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लाईनें लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एनएच के अधिकारियों द्वारा मुआयना करने के बाद जेसीबी मशीन से बोल्डरों को हटवाकर यातायात को सुचारू किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता अरविन्द जोशी ने बताया कि मार्ग पर बोल्डर आने से करीब बीस मिनट तक मार्ग पर यातायात बाधित रहा। जेसीबी मशीन से बोल्डर हटवाकर यातायात को सुचारू किया गया।



कोटद्वार-दुगड्डा के बीच दुर्गा देवी मंदिर के पास सड़क से बोल्डर हटाते हुए जेसीबी मशीन।

# भाजपा ने आपातकाल को बताया काला अध्याय

**जयन्त प्रतिनिधि।**


**कोटद्वार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कोटद्वार की ओर से जिला कार्यालय में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हेमंत द्विवेदी ने 1975 की आपातकाल घटना को याद करते हुए 21 महीनों के आपातकाल को एक काला अध्याय बताते हुए कहा कि उस समय के जितने भी विपक्षी नेता थे, सब को प्रताड़ित करते हुए जेल में डाला गया, आज जब प्रधानमंत्री पूरे विश्व में भारत का नाम ऊंचा कर रहे हैं, भारत के प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर चल रहे हैं तो उनको हटाने के लिए समूचा विपक्ष एकत्रित हो रहा है। हमें 2024 में प्रधानमंत्री के हाथों को और मजबूत करना है, ताकि हम विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन सकें।

सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट एवं जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने अपने संबोधन में 25 जून 1975 को लगे आपातकाल को याद किया। साथ ही आपातकाल में आम जनमानस के प्रभावित होने सहित अन्य संस्मरणों को याद किया। प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने भारतीय जनता पार्टी की एकता के लिए आम कार्यकर्ताओं का आभार जताया। मौके पर आपातकाल झेल चुके कार्यकर्ता सेवक राम मानूजा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपना दर्द साझा किया।

# राप्रावि कोटड़ी के तीन छात्र नवोदय विद्यालय के लिए चयनित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** विकासखंड रिखणीखाल के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी में अध्ययनरत तीन छात्रों का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए चयन हुआ है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय व क्षेत्र में हर्ष की लहर है। गौरतलब है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी से अब तक विगत दस वर्षों में 38 छात्र-छात्राओं का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा तथा राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में हो चुका है।जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक विष्णु पाल सिंह नेगी ने बताया कि इस वर्ष मानवी गुसाईं पुत्री लक्ष्मण सिंह व दीपा गुसाईं, अखिल रावत पुत्र सुनील व बिनीता रावत तथा अंश रावत पुत्र देवेन्द्र सिंह व मन्जू रावत का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। बताया कि पिछले दस वर्षों में विद्यालय ने अनगिनत उपलब्धियां हासिल की हैं। सहायक अध्यापक डॉ. अम्बिका प्रसाद ध्यानी ने कहा कि पाल्यों को विविध प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने और अतिरिक्त शिक्षण के लिए अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग मिलता रहता है परिणामस्वरूप विद्यालय के छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल प्रदर्शन कर रहे हैं।



राप्रावि कोटड़ी के नवोदय विद्यालय के लिए चयनित छात्र।

## 8 मोटरमार्गों पर बंद रहा यातायात

**पौड़ी :** रविवार को मौसम का मिजाज सुबह से ही बदला रहा। जिले के धुमाकोट, सतपुली आदि क्षेत्रों में भी बारिश होती रही। बारिश से जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं जगह-जगह पानी जमा होने से लोगो को आवाजाही करने में समस्याएं हुईं। बारिश से जिले के दो राज्य मार्ग के साथ ही 6 ग्रामीण मोटरमार्गों पर यातायात ठप हो गया। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के रविवार को बारिश से राज्यमार्ग थलीसैंण-बूंगीधार-देघाट-मरचूला, स्व. जगमोहन सिंह नेगी के साथ ही ग्रामीण मोटरमार्ग पाणीसैंण-डबराड़-बूथानगर, खाल्यूडांडा-लिस्कोट, चाई-गिवाली-रैतपुर, नौलापुर-केदारगली-बीरोंखाल, कोटद्वार-रामणी, पोखाल-कण्वाश्रम ग्रामीण मोटरमार्ग पर यातायात बंद रहा।

# बाहरी लोगों का सत्यापन करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक के सुराल में बीते दिनों चोरो द्वारा एक साथ तीन घरों के ताले तोड़े जाने पर क्षेत्र के लोगों में रोष बना हुआ है। क्षेत्र में फेरी लगाकर सामान बेचने वाले बाहरी लोगों का सत्यापन करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर बाहरी लोगों का सत्यापन कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कल्जीखाल ब्लॉक क्षेत्र में बाहरी लोग बिना सत्यापन के रह रहे है। जिस कारण आपराधिक गतिविधियों का अंदेशा बना हुआ है।

क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने एसडीएम को ज्ञापन भेजकर गांवों में बाहर से आकर फेरी करने वालों का सत्यापन करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फेरी वाले दूसरे राज्यों से आकर ग्रामीण इलाकों में बिना परमिशन घूम रहे हैं। कहा कि इन फेरी वालों का सत्यापन किया जाना आवश्यक है। इन फेरी वालों के पास राजस्व या रेगुलर पुलिस द्वारा भ्रमण करने का कोई भी प्रमाणपत्र नहीं रहता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में फेरी या कबाड़ उठाने वाले बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन करवाने की मांग की है। बीते दिनों सुराल गांव में चोरो ने एक साथ तीन घरों के ताले तोड़ दिए थे। ग्रामीणों ने बताया था कि उनके क्षेत्र में फेडी व कबाड़ उठाने के नाम पर बाहरी लोग बिना सत्यापन के घूमते रहते है लेकिन राजस्व व रेगुलर पुलिस द्वारा इनका सत्यापन नहीं किया जाता है।

# नशा मुक्ति अभियान में जुटे श्रीनगर के युवा

**श्रीनगर गढ़वाल :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे की पहल पर जनपद भर में चल रहे नशा मुक्त अभियान में अब श्रीनगर के युवा भी जुट गये हैं। यहां पुलिस के सहयोग से युवाओं ने म्यूजिक कंसर्ट का आयोजन किया। जिसमें नगर के अभरते हुए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर युवाओं ने नशे के खिलाफ गीत भी गाये।

नगर के अल्केश्वर घाट पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एसएचओ रवि सैनी ने किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की साथ ही नशे से बचने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चला रही है। जिसके तहत पौड़ी पुलिस जनपद भर में तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है।



श्रीनगर में नशामुक्ति की शपथ लेते हुए पुलिस कर्मी और युवा।

जिसके तहत यह कार्यक्रम यहां आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों ने नशे से दूर रहने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। युवा गायक दीपक नैथानी के नेतृत्व में म्यूजिक कंसर्ट शुरू हुआ है। जिसमें श्रीनगर के सितारे रहे अनिरुद्ध चंदोला, युवा गायिका शालनी बहुगुणा, प्रांजल काला, सचिन, पारितोष ने लोक गीतों व फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। युवाओं ने गीतों के माध्यम से नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों व इसके भविष्य के खतरे को बताया। इस अवसर पर महिला थाने की एसओ प्रमीला बिष्ट, एसआई नीरज, एसआई अजय कुमार, प्रवीना सिदोला, पिकी, संजय, दीपक मेवाड, आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बारिश ने खोली ड्रेनेज सिस्टम की पोल

**श्रीनगर गढ़वाल :** श्रीनगर में एक ही बारिश ने नगर क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी है। नगर निगम व एनएच लोनिवि की नालियां जगह-जगह चोक होने से जल निकासी के इंतजामों की व्यवस्था धरी की धरी रह गई।

रविवार को सुबह से जोरदार बारिश ने लोगों को जहां गर्मी से निजात दिलाई वहीं बदइंतजामी से शहरवासियों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ी।

सड़कों व गलियों में जल बहाव के कारण लोग घरों में कैद होकर रह गए। एनएच विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाई गई नालियों की लंबे समय से साफ–सफाई न होने व अधिकांश जगहों पर पानी की निकासी न होने कारण पूरा पानी बाजार की ओर जा घुसा। जिससे श्रीनगर के मुख्य बाजार गणेश बाजार, गोला बाजार, संयुक्त चिकित्सालय, नेशनल हाईवे पर एनआईटी के सम्मुख सहित लोवर भक्तियाना में जलभराव के कारण दुकानों के अंदर पानी जा घुसा। जिससे अधिकांश व्यापारियों को नुकसान भी झेलना पड़ा। (एजेंसी)

# ज्योतिष पाठ्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 12वीं से शुरू हो

**संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल :** कल्याणेश्वर धर्मशाला में हिमालय ज्योतिष परिषद की कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस मौके पर हिमालय ज्योतिष परिषद के अध्यक्ष आचार्य भाष्करानंद अन्थवाल ने कहा कि ज्योतिष वेदों का नेत्र है। श्री क्षेत्र श्रीनगर तथा उत्तराखंड ज्योतिष की जननी है।

यहां मुकुंद दैवज्ञ, भाष्कर मैठाणी आदि विद्वानों का अवतरण हुआ है। कहा चिकित्सा ज्योतिष (मेडिकल एस्ट्रोलॉजी) के माध्यम से हम जातक को उसे भविष्य में होने वाली बीमारी के बारे में सचेत कर सकते हैं। हमें निरंतर ज्योतिष विज्ञान के संरक्षण के शोध कार्य करना चाहिए। वर्तमान परिवेश में जनता के हितार्थ ज्योतिष को सरल तथा सुगम बनाना हिमालय ज्योतिष परिषद का उद्देश्य है। उन्होंने कहा ज्योतिष पाठ्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में 12वीं कक्षा से प्रारंभ होना चाहिए। इससे समाज को अच्छे कर्मकांडी ज्योतिष मिलेंगे तथा युवाओं को आजीविका भी। बैठक की अध्यक्षता गंगा आरती समिति के अध्यक्ष प्रेमबल्लभ नैथानी ने की। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष प्रो. रामानंद गैरोला, संगठन सचिव डा. प्रकाश चमोली, सचिव वरिष्ठ ब्यास राजेश थपलियाल, तोता राम पोखरियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## ईएनटी शिविर में 241 मरीजों ने कराई जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली :** द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण सतपुली में रविवार से दो दिवसीय ईएनटी शिविर शुरू हो गया। शिविर के पहले दिन 241 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। अस्पताल की डिप्टी मैनेजर प्रीति बिष्ट ने बताया कि शिविर के पहले दिन ईएनटी विशेषज्ञ डा. समीर टोपनो द्वारा कान, नाक और गले से संबंधित सभी बीमारियों के 241 मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें 53 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया गया। जिनका दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में 174 मरीजों के निःशुल्क सीटी स्कैन, एक्स रे, खून की जांच गयी। इसके साथ 121 मरीजों की ऑडियोमेटरी भी की गई।

## शिवपुराण के श्रवण से होगा मानव जगत का कल्याण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** पाबौ ब्लाक के खुड्डेश्वर महादेव मंदिर में कलश यात्रा के साथ 11 दिवसीय शिवमहापुराण कथा शुरू हो गई है।

पहले दिन कथावाचक आचार्य वीरेंद्र पंत ने कहा कि शिवपुराण के श्रवण से शिवलोक की प्राप्ति होती है। इससे पहले ग्रामीणों व व्यापार सभा के लोगों ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। पहले दिन कथावाचक आचार्य वीरेंद्र पंत ने कहा कि शिवपुराण के श्रवण से मानव जगत का कल्याण होता है। कथा के श्रवण से शिवलोक पाया जा सकता है। कथा के आयोजक पंचम गिरी ने बताया कि खुंडेश्वर महादेव मंदिर केदारनाथ मंदिर के प्रतिबंध के रूप में स्थापित किया गया है। यहां पर श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए दूर दराज से पहुंचते हैं। कलश यात्रा में कुलदीप गुसाईं, देवेश, गुणानंद पंत, सहित ग्राम कोटा, पाली, चोपड़ा, ढिक्वाली, पाबौ, सुंदरियूं, कोटली, मोल्ला, भटूण्डा चैड़, तल्ला, चैडमल्ला आदि के ग्रामीण शामिल रहे।

# 413 अभ्यार्थियों ने पीएचडी की परीक्षा दी

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया गया है। विवि कुलपति प्रो. एनके जोशी ने बताया कि रविवार को पंडित ललित मोहन शार्म परिसर ऋषिकेश में विवि की ओर से पहली बार पीएचडी प्रवेश परीक्षा संपन्न करवाई गई है। विवि कुलपति ने जानकारी देते हुये बताया कि विषयवार सीटों का आवंटन कर दिया गया है। वनस्पति विज्ञान में 14 सीट, रसायन विज्ञान 12, वाणिज्य–14 सीट, अर्थशास्त्र 4, शिक्षाशास्त्र – 2, अंग्रेजी–6, जन्तु विज्ञान 2, भूगोल–6, हिन्दी–6, इतिहास–4, गणित–8, संगीत–2 सीट, भौतिक विज्ञान–8 सीट, राजनीति विज्ञान 6, संस्कृत 1, समाजशास्त्र 4, भूगर्भ विज्ञान 10 सीटों पर प्रवेश किये जाने हैं। विषयवार कुल 109 सीटें है, जिसके सापेक्ष 413 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी है।

कुलपति द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा का औचक निरीक्षण किया, बताया परीक्षा का संचालन सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाया गया है। मौके पर विवि कुलसचिव, केआर भट्ट, परीक्षा नियन्त्रक, प्रो. वीपी श्रीवास्तव, प्रो. एमएस रावत, प्रो. वाईके शर्मा, प्रो. सीएस नेगी, डॉ. बीएल आर्य आदि मौजूद थे।

## विलंब शुल्क के साथ 30 तक करें आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के सम सेमेस्टर (बीएड व एमएड को छोड़कर) की मुख्य एवं बैक पेपर परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की तिथि बिना विलंब शुल्क के 26 जून तथा विलंब शुल्क के साथ 30 जून तक विस्तारित कर दी है।

विवि के परीक्षा नियंत्रक एचएम आजाद की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 26 जून तक बिना विलंब शुल्क एवं 27 से 30 जून तक 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ तिथि विस्तारित की गई है। (एजेंसी)

# बांध विस्थापित परिवारों को जल्द भवन निर्माण सहायता देने की मांग

नई टिहरी। नागरिक मंच नई टिहरी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने प्रशासन और टीएचडीसी से बांध विस्थापित परिवारों को जल्द भवन निर्माण सहायता देने की मांग की है। रविवार को नागरिक मंच नई टिहरी के पदाधिकारियों ने मंच अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल के नेतृत्व में सामुदायिक मिलन केंद्र बौराड़ी में बैठक कर बौराड़ी के बांध विस्थापित 41 परिवारों को भवन निर्माण सहायता देने के साथ जिला अस्पताल बौराड़ी की व्यवस्था सुधारने की मांग की है। मंच के अध्यक्ष ने कहा कि बांध प्रभावित 41 परिवारों को लंबे समय से भवन निर्माण सहायता नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि जल्द इस संबंध में टिहरी विधायक से भेंट कर टीएचडीसी से भुगतान करने की मांग की जाएगी। शीघ्र बांध प्रभावित परिवारों को भवन निर्माण सहायता नहीं दी जाती है, तो नागरिक मंच के साथ प्रभावित परिवार आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। बैठक में संरक्षक चंडी प्रसाद डबराल, जगजीत नेगी, कर्म सिंह तोपवाल, पृथ्वी चौहान, कमल सिंह महर, उम्मेद सिंह रावत, त्रिलोक चंद रमोला, पुरुषोत्तम चौहान, वीपी बधानी, बचन सिंह तोपवाल, भूपेंद्र चौहान, भरत सिंह रावत, सीता देवी, आशा देवी, रजनी देवी, सुबधा देवी आदि मौजूद थे।




उत्तराखण्ड शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
"एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के सिद्धांत से प्रेरित और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के हमारे लोकाचार के अनुरूप, भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी ने वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने और एक बेहतर संसार बनाने के लिए काम किया है।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
देवभूमि उत्तराखण्ड में
जी-20 प्रतिनिधियों का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप
26-28 जून, 2023
नरेन्द्रनगर, ऋषिकेश
देहरादून हवाई अड्डा
DEHRADUN AIRPORT
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# दर्पण समिति ने अल्मोड़ा बाजार में किया अंधविश्वास तथा स्वच्छता विषय पर नाटक का प्रदर्शन



अल्मोड़ा। दर्पण समिति द्वारा ग्रीष्मकालीन थियेटर–कार्यशाला और उप–शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला का आयोजन दर्पण कार्यालय में किया गया जो अब अपने समापन पर है। थिएटर कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक अभिषेक मेंडोला ने युवाओं को अभिनय, रचनात्मकता, संवाद अदायकी, लेखन और साथ ही व्यक्तित्व विकास में प्रषिक्षण प्रदान किया। वहीं सुहाना ने नृत्य कार्यशाला में उपशास्त्रीय, हिप–हॉप, जुम्बा, लोकनृत्य, फ्यूजन आदि नृत्य विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसके जरिए विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक की स्क्रिप्ट लेखन और नाटक तैयार किए गए। इसके साथ ही नृत्य नाटिका भी तैयार की गई जिसमे लोक नृत्य, संवाद और कत्थक की बारीकियों को बताया गया।कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, लिंगभेद, अंधविश्वास आदि ज्वलंत विषयों पर सामूहिक चर्चा की गई और इनके समाधान के लिए युवाओं की भूमिका के बारे में बताया गया।प्रशिक्षण के पश्चात् प्रशिक्षित युवाओं ने अंधविश्वास तथा स्वच्छता के विषय पर नाटक तैयार किया, और उसे मुख्य बाज़ार, अल्मोड़ा में प्रदर्शित किया। साथ ही दर्पण की निर्देशिका विभु कृष्णा ने बताया कि आज के इस व्यस्त समय में युवाओं को प्रकृति, संस्कृति और अभिव्यक्ति के सामंजस्य को समझना जरूरी है। इसीलिए इस तरह की कार्यशाला की अत्यंत आवश्यकता है जो आपको धैर्य, सौम्यता, संवेदनशीलता साथ ही वाक्पटुता से परिपक्व बनाता है। इस कार्यक्रम में विप्लव कृष्णा, धीरेंद्र सिंह रावत, महेंद्र बिष्ट, अमित, योगेश, दीपक, कोमल, अंकिता, दर्शन, दीपा, जगदीश, मीनाक्षी, गौरव, कविता, पवन, प्रीति, सुहाना, अमित तिवारी, संजय साह आदि मौजूद रहे।

## पुजारी पट्टी गांव में पहली बार पहुंचा वाहन



चम्पावत। नेपाल सीमा से लगे ग्राम पंचायत डुमडाई के पुजारी पट्टी और एससी बस्ती तोक में सड़क निर्माण पूरा हो गया है। सड़क बनने के बाद यहां पहली बार वाहन पहुंचा। इस पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। प्रधान कमला और मदन ओली ने बताया कि जिपं सदस्य प्रीति पाठक और भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक के सहयोग से सड़क बन गई है। सड़क बनने से गर्भवती व बीमार को अस्पताल पहुंचाने, किसानों के उत्पादों को बाजार मिलने में सहूलियत होगी। पूर्व प्रधान खीम सिंह पुजारी और बद्री सिंह पुजारी, शंकर पुजारी, नरेश पुजारी, बची सिंह पुजारी, अमर राम, जोगा राम, रतन राम, प्रकाश राम, गोविंद ओली, भवान राम आदि ने खुशी जताई है।

## नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत लमगड़ा पुलिस ने किया वाहन चालकों, दुकानदारों व आमजन को जागरुक



अल्मोड़ा। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु के निर्देशन में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए चल रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत आमजन को ड्रग्स के प्रति जागरुक करने हेतु व्यापक स्तर पर विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।रविवार 25 जून को थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में लमगडा पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत शहरफाटक बाजार में जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर बस/टैक्सी/ट्रक चालकों, स्थानीय दुकानदारों व आमजन को ड्रग्स के प्रति जागरूक करते हुए नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशा मुक्त जीवन जीने हेतु प्रेरित किया गया। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहन चलाते समय नशे का सेवन नही करने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त साईबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बचाव के उपाय सहित हेल्पलाईन नम्बर 1930 की जानकारी दी गई।

## पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान चलाया

चम्पावत। रीठासाहिब में पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की गई। नशे का कारोबार करने वालों की जानकारी पुलिस को देने का आह्वान किया।

रविवार को थानाध्यक्ष दीवान सिंह जलाल के नेतृत्व में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावाओं की जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आ रही है। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार रोकने में जनता के सहयोग की जरूरत है। कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री करने वालों की जानकारी पुलिस से साझा करने पर लगाम लगाई जा सकती है।

## भाजपा अल्मोड़ा ने प्रबुद्ध सम्मेलन में आपातकाल में जेल गए वरिष्ठ कार्यकर्ता किए सम्मानित



अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी अल्मोड़ा कार्यालय में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 25 जून 1975 को आपात काल के दौरान जेल में रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव सिंह राणा, रणजीत सिंह भंडारी को शॉल ओढाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नेता व शिक्षाविद् शिव सिंह राना व रणजीत सिंह भंडारी भाजपा में पूर्व में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष बलवन्त सिंह भौर्याल ने कहा कि हमारे कई नेताओं ने तत्कालीन इन्दिरा सरकार के दौरान यातनाएं सही व जेल गए। मुख्य रुप से अटल बिहारी बाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, अरुण जेठली, जार्ज फर्नाडीज जैसे वरिष्ठ नेताओं को जेल में डाला, उस दौरान प्रेस पर भी प्रतिबंध लगाकर तानाशाही का प्रमाण दिया। जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने कहा आपातकाल के समय तत्कालीन सरकार ने हिटलरशाही का परिचय दिया। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम में आए सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

## साहित्य, कला और विरासत का 3 दिवसीय उत्सव 'अल्मोड़ा लिटरेचर फ़ेस्टिवल' 30 जून से शुरू



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में तीन दिवसीय अल्मोडा लिटरेचर फ़ेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। अल्मोडा लिटरेचर फ़ेस्टिवल 30 जून से 02 जुलाई तक आयोजित होगा। ग्रीनहिल्स ट्रस्ट द्वारा आयोजित संगीत और साहित्य का तीन दिवसीय उत्सव, अल्मोडा लिटरेचर फ़ेस्टिवल का यह उद्घाटन संस्करण है। 30 जून से 2 जुलाई तक चलने वाला यह उत्सव मल्ला महल, पुरानी कलेक्ट्रेट में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने कहा अल्मोडा लिटरेचर फ़ेस्टिवल का उद्देश्य वैश्विक साहित्यिक और संगीत परिदृश्य में उत्तराखंड के समृद्ध योगदान को प्रदर्शित करना है। आयोजन में लेखकों, पत्रकारों, संगीतकारों, इतिहासकारों और फोटोग्राफरों की एक प्रभावशाली श्रृंखला है। फ़ेस्टिवल की आयोजन समिति में डॉ वसुधा पंत, डॉ दीपा गुप्ता, प्रो सय्यद अली हामिद, राजेश बिष्ट, आशुतोष जोशी, जयमित्र बिष्ट, भूषण पाण्डे, हर्ष काफ़र, मनमोहन चौधरी, मीनाक्षी पाठक, अनुराग कुमार, आकांक्षा जोशी आदि शामिल हैं।

## कुलपति ने किया धान की पौध का रोपण

रुद्रपुर। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के व्यावहारिक फसल उत्पादन केन्द्र (पीसीपी) पर विद्यार्थियों के साथ कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने धान की पौध का रोपण किया।

कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि जिस टीम की धान की फसल की पैदावार सर्वाधिक होगी, उसको पुरस्कृत किया जाएगा। कृषि महाविद्यालय के डॉ. एसके कश्यप ने बताया कि बीएससी एजी के छात्रों द्वारा पीसीपी का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूकता



रुद्रपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के तहत रविवार को इस्लाम नगर गोटिया तिराहे पर स्थानीय कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज कराने का संदेश दिया गया जिसको स्थानीय लोगों द्वारा सराहा गया । नशे को लेकर पुलिस लगातार गोष्ठियां आयोजित कर जगह जगह युवाओं को नशे से बचने और दुष्प्रभाव की जानकारी दे रही है। सी ओ वीर सिंह ने बताया की अभियान लगातार चलता रहेगा।नशा तस्करों और नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## मंडलसेरा में चले स्वच्छता अभियान जारी




बागेश्वर। मंडलसेरा के ढुंगगाड़ गधेरे में स्वच्छता अभियान दसवें रविवार भी जारी रहा। करीब एक घंटे तक चले अभियान के दौरान झाड़ियों का कटान और सफाई की गई। रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में मंडलसेरा के ढुंगगाड़ गधेरे को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया गया। चेयरमैन संजय साह जगाती के नेतृत्व और वृक्ष पुरुष किशन सिंह मलडा के मार्गदर्शन में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करीब 700 मीटर तक सफाई की जा चुकी है। रेडक्रॉस के जिला सचिव आलोक पांडे ने बताया कि गधेरे को पूरा साफ करने तक अभियान चलेगा। यहां सोसायटी कोषाध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, डॉ. हरीश दफौटी, हिमांशु जोशी, आरपी कांडपाल, कवि कांडपाल, कृष्णा पांडे, वेदप्रकाश पांडे, फुटबॉल कोच नीरज पांडे, बागनाथ एकेडमी के सचिव ललित कनवाल समेत एकेडमी के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## रोडवेज बस चालक के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर। रोडवेज बस की चपेट में आकर घायल हुए बाइक सवार युवक के पिता ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मुरादाबाद, थाना मूंढापांडे के ग्राम राजौड़ा निवासी सुदेश कुमार ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर दी।

कहा उसका पुत्र अंकित बाजपुर रोड स्थित आईजीएल फैक्ट्री में कार्यरत है। शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह अपनी बाइक लेकर फैक्ट्री जा रहा था। बहला पुल के पास रोडवेज बस के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची आईटीआई थाना पुलिस ने अंकित को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से 400 बकरियों की मौत



बागेश्वर। जिले के कपकोट तहसील क्षेत्र के उंचाई वाले इलाकों में गरज–चमक के साथ जमकर बारिश हुई। झुनी पंकुटाप में आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहों की करीब 400 बकरियों की मौत हो गई। सूचना पर तहसील प्रशासन की टीम घटना स्थल पहुंची। टीम ने मुआयना कर रिपोर्ट आपदा प्रबंधन को भेज दी है। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि बकरी पालकों को भारी नुकसान हुआ है।

कपकोट तहसील क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है। बागेश्वर से करीब 90 किमी दूर झुनी पंकुटाप पर शनिवार रात गरज–चमक के साथ बारिश हुई। यहां बकरियों को लेकर अस्थायी रूप से रहे रहे चरवाहे रह रहे हैं। बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहों की करीब 400 बकरियों की मौत हो गई। सूचना पर पशुपालन और राजस्व विभाग की टीम झुनी गांव गई है। मौका मुआयना किया गया गया। बताया गया कि आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहों का भारी नुकसान हुआ है। विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने दूरभाष के माध्यम से राजस्व टीम और पशुपालन विभाग को नुकसान का मुआयना कर पीड़ति पशुपालकों को शीघ्र मुआवजे देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं कपकोट के लिए अभिशाप बन रही हैं। यहां हर बार वर्षाकाल में लोगों को भारी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि वह सरकार से भी आपदा पीड़ितों को हरसंभव मदद कराने को कहेंगे। इधर, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने कहा कि झुनी के पंकुटाप के पास खीम सिंह के आवास के समीप बज्रपात से बकरियों के मरने की सूचना मिली है।

## गुरिल्ला संगठन ने जनजागरण रथ यात्रा दल का आयोजन



पिथौरागढ़। नगर में गुरिल्ला संगठन ने जनजागरण रथ यात्रा दल का आयोजन किया। रविवार को दल ने मलनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद रामलीला मैदान में संगठन ने बैठक की। केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानन्द डालाकोटी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से वह नौकरी, पेंशन समेत अन्य मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। न्यायायल ने भी उनके हक में फैसला सुनाया है। बावजूद सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। अल्मोड़ा के जिला अध्यक्ष शिवराज बनौला ने कहा कि कोर्ट जाने के नाम पर गुरिल्लों का शोषण बंद होना चाहिए। संचालन जय प्रकाश जोशी ने किया। यहां डीडीहाट अध्यक्ष इन्द्र सिंह खोलिया, नारायणी चंद, त्रिलोक बोरा, पूरन राम, धनी राम, कुन्दन सिंह भंडारी, जगदीश प्रसाद, पुष्पा पंचपाल, त्रिलोक पांडे, पुष्कर सिंह धानकी आदि रहे।

## चम्पावत के चारों ब्लॉकों को मिले कूड़ा वाहन

चम्पावत। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के चारों ब्लॉक में एक–एक मिनी हाइड्रोलिक गार्बेज टीपर वाहन दिए गए हैं। इन वाहनों को डीएम ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वजल परियोजना के जरिए चम्पावत, लोहाघाट, बाराकोट और पाटी ब्लॉक के लिए मिनी हाइड्रोलिक गार्बेज टीपर वाहनों की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक तरीके से कचरा संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण करने के मकसद से चारों ब्लॉकों को वाहन दिए गए हैं।

## एसएसबी गुरिल्लों की जनजागरण रथ यात्रा पहुंची डीडीहाट



पिथौरागढ़। गुरिल्लों की जनजागरण रथ यात्रा श्री मलयनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना अर्चना के बाद डीडीहाट पहुंची। यहां रामलीला मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी ने कहा कि गुरिल्लों की मांग केवल अपनी नौकरी पेंशन की नहीं है, हमारी मांग का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह सीमा की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। गुरिल्ला सुरक्षा प्रणाली के समाप्त होने के बाद उग्रवादी–अलगाव वादी ताकतें सीमावर्ती क्षेत्रों में फिर से सक्रिय हो गयी हैं, सरकार को गुरिल्लों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा एवं राष्ट्र हित में किए गये कार्यों का संज्ञान लेकर सीमाओं में शांति व्यवस्था बनाने में उनका उपयोग करना चाहिए, अजीब बिडंबना है राज्य सरकार गुरिल्लों को होम गार्ड, पीआरडी के माध्यम से विभिन्न विभागों में भर्ती करने का निर्णय तो लेती है लेकिन उनसे कम प्रशिक्षित लोगों से कार्य लेती है। गुरिल्लों को अवसर प्रदान नहीं करती। रथयात्रा में साथ चल रहे अल्मोड़ा के जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला ने कहा कि कोर्ट जाने के नाम पर गुरिल्लों का शोषण बंद हो। कोर्ट गए लोग पहले नौकरी पेंशन ले लें बाकी को हम बिना शुल्क दिला देंगे। उन्होंने कहा कोर्ट गए लोग गुरिल्लों को आंदोलन से भटका कर जाने–अंजाने सरकार का ही काम कर रहे हैं, आंदोलन न हो यह सरकार चाहती है। डीडीहाट के अध्यक्ष इन्द्र सिंह खोलिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव की आहट के चलते हमें एकजुट होकर आंदोलन में पूरी शक्ति झोंकनी होगी।

# इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए आपातकाल लगवाया: रेखा आर्या



नई टिहरी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित आपातकाल प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंची महिला सशक्तिकरण बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिये देश में आपातकाल लागू कर हजारों लोगों को जेल में बंद कर यतानाएं दी। उन्होंने कहा कि यही तानाशाही मुख्य उदाहरण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने को कहा। रविवार को नई टिहरी स्थित भाजपा पार्टी दफ्तर में आपातकाल प्रबुद्ध सम्मेलन का महिला सशक्तिकरण, बाल विकास एंव खाद्यन्न मंत्री रेखा आर्या, भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मंत्री रेखा ने कहा कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल घोषित कर विपक्ष के नेताओं, आरएसएस के स्वंयसेवकों के साथ हजारों लोगों को जेल में डाल उन्हें यातनाएं दी, कहा आपातकाल तब लगाया जाता है, जब देश की सुरक्षा को खत्तरा हो। कांग्रेस पार्टी के लोग कहते कि अभी देश में अघोषित आपातकाल है, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि उनके नेताओं ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की थी। भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी द्वारा लगाया आपातकाल करीब 21 माह तक चला, देश में गलत तरीके से लगाये गये आपातकाल को कोर्ट ने गलत करार दिया था। मंत्री रेखा आर्या ने आपातकाल के दौरान जेल में रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश सेमवाल को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को वोटरों के घर घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देने को कहा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल,विधायक शक्तिलाल शाह, पूर्व विधायक विजय पंवार, खेम सिंह चौहान, सुषमा उनियाल, ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, शिवानी बिष्ट, डॉ. प्रमोद उनियाल, मंजू चंद, सुशील बहुगुणा, विजय कैठत,संदीप रावत,गौरभ गुसाई, शीशराम थपलियाल, परमवीर पंवार, प्रेमलाल भट्ट, उदय रावत, गोपीराम चमोली, पंकज बरवाण, जयेन्द्र पंवार, तौफिक अहमद, अनिता कोठारी, मस्ता नेगी, मीना सेमवाल, निहाल सिंह,उर्मिला राणा सहित लोग मौजूद थे।

## 48 वर्ष पूर्व लगाया गया आपातकाल पूर्व पीएम का अदम्य साहस और संघर्षः कांग्रेस

नई टिहरी। कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद करते हुये कहा कि 48 वर्ष पूर्व लगाया गया आपातकाल उनका अदम्य साहस और संघर्ष था। कहा आरएसएस और संघ परिवार से जुड़े नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के जनहित कार्यक्रम का विरोध किया था, जिसके कारण आपातकाल लगाना पड़ा। कांग्रेस की ओर से जारी प्रेस विज्ञाप्ति में प्रदेश महामंत्री शांति प्रसाद भट्ट ने कि वर्ष 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जनहित की नीतियों का विरोध के कारण उन्हें आपातकाल लगना पड़ा था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की संस्तुति पर जब राष्ट्रपति ने आपातकाल की घोषणा की थी,तो सरकार का उद्देश्य देश में कानून व्यवस्था बनाए रखना था, ताकि किसी प्रकार की अराजकता देश में न फैले, लेकिन संघ परिवार ने इंदिरा गांधी के परिवार नियोजन हम दो हमारे दो कार्यक्रम के विरोध में हो हल्ला किया था।

# केंचुए की तरह सरकता रहा ऋषिकेश—हरिद्वार हाईवे पर ट्रैफिक



ऋषिकेश। वीकेंड पर रविवार को ऋषिकेश–हरिद्वार हाईवे पर ट्रैफिक दिनभर रेंगकर चला। ऋषिकेश से हरिद्वार पहुंचने में चार घंटे से अधिक समय लगा। हरिद्वार में मोतीचूर के पास फ्लाईओवर निर्माण एवं संपर्क मार्ग पर जलभराव होने से दिक्कत आई। जबकि ऋषिकेश के श्यामपुर में रेलवे फाटक फिर वाहनों के लिये मुसीबत बना। रविवार को सुबह नौ बजे ही हरिद्वार जाने के लिए वाहनों की तीन–तीन कतारें लग गईं। दिन में तो जाम सत्यनारायण मंदिर तक पहुंच गया। एम्बुलेंस से लेकर आवश्यक सेवाओं वाले वाहन भी जाम में घंटों खड़े रहे। जाम की यह स्थिति रायवाला से हरिद्वार जाने के लिए थी। हरिद्वार से रायवाला की ओर वाहन रेंग–रेंगकर चलते रहे। अत्याधिक वाहनों की आवाजाही से हाईवे पर तीन–तीन कतारें लग गई, जबकि मोतीचूर कॉरिडोर समाप्त होते ही सिंगल लाइन शुरू हो जाती है। देर शाम तक रायवाला बाजार तक हाईवे पूरी तरह जाम रहा। उधर, ऋषिकेश में श्यामपुर रेलवे फाटक फिर मुसीबत बना। यहां रेलवे फाटक बंद होते ही वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। पुलिस ने नेपाली फार्म से भानियावाला के लिये वाहनों का रूट डायवर्ट किया। लेकिन विभिन्न संपर्क मार्गों से वाहन चालक नजर बचाकर फिर हाईवे पर आ धमके। इससे स्थिति बिगड़ी। डीआईजी दलीप सिंह कुंवर का कहना है कि वीकेंड पर वाहनों का दबाव बढ़ने से दिक्कत आ रही है। मोतीचूर में फ्लाई ओवर निर्माण एवं बारिश के चलते भी आवाजाही प्रभावित हुई। जाम से निपटने को अतिरिक्त फोर्स भी तैनात की गई है।

# वेदों में निहित है भारतीय संस्कृति का सारः आचार्य नरेंद्र

विकासनगर। आर्य समाज मंदिर डोभरी में साप्ताहिक सत्संग के तहत वैधिक विधि से हवन किया गया। मौजूद लोगों ने वैदिक ऋचाओं के सस्वर वादन के साथ हवन कुंड में आहुति डालकर विश्व शांति और पर्यावरण संरक्षण की प्रार्थना की। आचार्य नरेंद्र तोमर ने सत्संग के दौरान कहा कि भारतीय संस्कृति मानव की स्वतंत्रता की ही नहीं, बल्कि प्राणि मात्र की स्वतंत्रता का भी उद्घोष है। जिस देश की संस्कृति में पग–पग पर पशुओं और वनस्पतियों की रक्षा करने के लिए मनुष्य को प्रेरित किया जाता हो उस देश के लिए यह कहना सर्वथा अनुचित ही है कि इस देश में मानव के मौलिक अधिकारों का कोई उल्लेख नहीं है। कहा कि किसी भी वस्तु का मूल्य उसके मूल में उसके भाव में, उसकी निजता में निहित होता है। भारतीय संस्कृति का मूल, उसका भाव, उसकी निजता, उसका स्वत्व वेद है। वेद ही भारतीय संस्कृति के प्राण हैं। इस प्राणतत्व के बिना भारतीय संस्कृति निर्मूल्य है। बताया कि जिस प्रकार समुद्र से मिलकर नदी अस्तित्वविहीन हो जाती है और उसका अस्तित्व समुद्र की महानता के साथ एकाकार हो जाता है, उसी प्रकार समष्टिगत चिंतन रूपी समुद्र में चिंतन एकाकार होकर उसका अपना स्वरूप समष्टिवाद की महानता के स्वरूप में मिलकर और भी महान हो जाता है। उन्होंने उपासना और मूर्ति पूजा के बारे में बताते हुए कहा कि वेदों में मूर्ति पूजा का विधान नहीं है वेद तो घोषणा पूर्वक कहते हैं जिसका नाम महान यश वाला है उस परमात्मा की कोई मूर्ति तुलना, प्रतिकृति, प्रतिनिधि नहीं है। इस दौरान आर्य समाज के प्रधान यशपाल तोमर, मंत्री अजय वर्मा, कोषाध्यक्ष जयपाल सिंह, मुकंदी लाल शर्मा, जयपाल तोमर, नागेंद्र, सुंदर लाल, कोमल रावत, कल्पना बिष्ट, दीपा रावत आदि मौजूद रहे।

## जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर विदेशी मेहमानों का स्वागत

ऋषिकेश। जी–20 सम्मेलन के लिए जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे विदेशी मेहमानों का रविवार को सांस्कृतिक नृत्य और ढोल दमौ जैसे वाद्ययंत्रों के साथ स्वागत किया गया। विभिन्न देशों के प्रतिनिधि जी–20 में प्रतिभाग करने उत्तराखंड पहुंचे। इन्हें जौलीग्रांट एयरपोर्ट से नरेंद्रनगर तक सड़क मार्ग से पहुंचाया गया। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर रविवार को 40 विदेशी प्रतिनिधि पहुंचे। बीती शनिवार को 3 डेलीगेट जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे थे। जबकि अन्य प्रतिनिधि सोमवार सुबह पहुंचेगे। रविवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट के बाहर सांस्कृतिक नृत्य देखकर विदेशी मेहमान अभिभूत नजर आए।

# चमोली जिले में 14 ग्रामीण सड़कें बाधित



चमोली। चमोली जिले में मलबा, पत्थर बोल्डर आने से 14 लिंक और ग्रामीण सड़कें अवरुद्ध हो गईं हैं, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रांतीय खंड कर्ण प्रयाग के अंतर्गत 7, पीएमजीवाई कर्ण प्रयाग के अंतर्गत 4, निर्माण खंड पोखरी की 1 सहित पीएमजीएसवाई की 2 सड़कों पर मलबा, बोल्डर आने से सड़कें बाधित हो गयीं हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया अवरुद्ध सड़कों को खोले का कार्य जारी है। शनिवार को हालांकि जिले में भारी वर्षा नहीं हुई।

परन्तु रविवार को हल्की बारिश होती रही। जिले की प्रमुख नदियों में अलकनंदा 952.82 रहा, नन्दाकिनी 866 .52 और पिंडर नदी का जल स्तर 768.10 रहा। तीनों नदियां खतरे के स्तर से नीचे बह रहीं हैं। पर अलकनंदा नदी ज्यादा उफान पर है।

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त—व्यस्त , सड़कें बनी तालाब



ऋषिकेश। शहर में मूसलाधार बारिश के कारण रविवार को सुबह से लेकर दोपहर तक जनजीवन अस्त–व्यस्त रहा। बारिश से मुख्य मार्गों से लेकर आंतरिक मार्गों तक जलभराव हो गया। इससे वाहन सवार और पैदल लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतें आईं। ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से सरस्वती नाले में उफान से त्रिवेणी घाट जलमग्न हो गया। खारास्त्रोत नदी में बरसाती पानी आने से एक वाहन फंस गया। गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटों पर बसे लोग भी सहमे नजर आए। रविवार तड़के शुरू हुई बारिश दोपहर तक लगातार जारी रही। झमाझम बारिश से शहर के मुख्य मार्ग बदरीनाथ नेशनल हाईवे, तिलक रोड, रेलवे रोड, देहरादून रोड और मायाकुंड तथा सर्वहारानगर क्षेत्र में जलभराव से लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ीं। खासकर सरस्वती नाले में अत्याधिक पानी आने से त्रिवेण घाट में पानी भर गया। नदी के जरिए शहर की गंदगी भी घाट तक पहुंची, इससे गंगा दर्शन–पूजन और आचमन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतें हुईं। बारिश में गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाके चंद्रभागा और चंद्रेश्वरनगर के लोग खौफ में दिखे। चंद्रभागा नदी के किनारों पर बसे लोग सहमे नजर आए। वहीं, खारास्त्रोत नदी में एकाएक बरसाती पानी आने एक स्थानीय युवक का वाहन फंस गया, इसे स्थानीय लोगों ने बामुश्किल बाहर निकाला। एसडीएम सौरभ असवाल ने बताया कि बारिश में अभी तक कहीं भी कोई जान माल की हानि की सूचना नहीं है। त्रिवेणी घाट पर फैली गंदगी को हटवाया गया है। इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों को नालों की साफ–सफाई को लेकर भी सख्त दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं।

## चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा

विकासनगर। कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को धौलातप्पड़ के पास से पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने चोरी का मुकदमा तरमीम कर जेल भेज दिया। मुन्ना दास पुत्र मुरारीलाल निवासी विकासनगर ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घर के बाहर आंगन में उसने अपनी बाइक खड़ी की थी, लेकिन बाइक वहां से गायब मिली। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की। सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही पुलिस ने जगह–जगह तलाशी अभियान चलाया। कुल्हाल पुलिस ने धौलातप्पड़ क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान विकासनगर से चोरी हुई बाइक के साथ आरोपी को दबोच लिया। आरोपी बिलाल पुत्र जमशेद निवासी कुल्हाल को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके खिलाफ चोरी का मुकदमा तरमीम किया।

# नरेंद्रनगर में आज से शुरू होगी तीसरी जी—20 इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य समूह की बैठक

ऋषिकेश। भारत की अध्यक्षता में तीसरी जी–20 इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य समूह की बैठक सोमवार सुबह योग से शुरू होगी। उत्तराखंड के नरेंद्रनगर में तीसरी जी–20 इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य समूह की बैठक में बुनियादी ढांचे के निवेश के विभिन्न पहलुओं पर मंथन होगा। पहले दिन एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक के साथ साझेदारी में टिकाऊ शहरों के रोडमैप पर चर्चा होगी। रविवार को नरेन्द्रनगर स्थित होटल वेस्टिन में पत्रकार वार्ता में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव, सोलोमन अरोकियाराज ने कहा कि जी–20 समिट में सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के कुल 63 प्रतिनिधि 2023 इंफ्रास्ट्रक्चर एजेंडा पर पहले दो समिट में हुई चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। इससे पहले पहला समिट पुणे और दूसरा विशाखापटनम में हो चुका है। बताया कि जी–20 इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य समूह बुनियादी ढांचे के निवेश के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श करेगा। इसमें बुनियादी ढांचे को परिसंपत्ति वर्ग के रूप में विकसित करने के साथ वित्तीय संसाधन जुटाने के लिये नवीन उपकरणों की पहचान की जायेगी। नरेंद्रनगर में हो रही तीसरी आईडब्ल्यूजी बैठक में कल के शहरों का वित्त पोषण समावेशी, लचीला और टिकाऊ बनाने पर चर्चा होगी। पहले दिन 26 जून को एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक के साथ साझेदारी में टिकाऊ शहरों के रोडमैप पर उच्चस्तरीय सेमिनार आयोजित होगा। तीन सत्रों में होने वाली चर्चा से जी–20 के निर्णय निर्माताओं को तीव्र शहरीकरण समावेशिता, प्रौद्योगिकी, इंफ्राटेक और डिजिटलीकरण की भूमिका की खोज के साथ जलवायु परिवर्तन से लेकर बुनियादी ढांचे के लचीलेपन तक की प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा होगी। जबकि 27 जून को भारत को एमआरओ हब बनाने पर एक सेमिनार होगा। इसमें एमआरओ क्षेत्र में भारत द्वारा पेश किए जाने वाले अवसरों पर चर्चा करने का एजेंडा शामिल है। जी–20 में आने वाले प्रतिनिधि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत का आनंद लेने के साथ स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी लेंगे। इसी दिन रात्रि भोज में संवाद की भी मेजबानी की जायेगी।

**गंगा में आज बंद रहेगी राफ्टिंग**

ऋषिकेश। गंगा की लहरों पर रोमांच का लुत्फ उठाने वाले पर्यटक सोमवार को राफ्टिंग नहीं कर पाएंगे। भारी बारिश के अलर्ट के चलते प्रशासन ने राफ्टिंग पर रोक लगा दी है। प्रशासन ने यह कदम पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर उठाया है। रविवार सुबह मूसलाधार बारिश में गंगा का जलस्तर बढ़ते ही नरेंद्रनगर प्रशासन ने कौड़ियाला—मुनिकीरेती जोन पर रिवर राफ्टिंग पर रोक लगा दी। इस बीच राफ्टिंग के लिए पहुंचे पर्यटकों को मायूसी हाथ लगी। एसडीएम देवेंद्र नेगी ने बताया कि यह पाबंदी सोमवार तक के लिए लगाई गई है। मौसम में सुधार होता है, तो राफ्टिंग पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाएगा,

# इंजीनियर के बंद मकान से लाखों के जेवरात–नगदी चोरी

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बरोटीवाला गांव में चोरों ने औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी में काम करने करने वाले इंजीनियर के बंद मकान को चोरों ने खंगाल दिया। चोर बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और दो लाख रुपये की नगदी चुरा ले गए। परिजनों की सूचना पर घर पहुंचे इंजीनियर ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही पुलिस को चोरी की तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही चोरों की तलाश शुरू कर दी है गई। बरोटीवाला निवासी कुलदीप सिंह पंवार पुत्र महेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि बरोटीवाला में उसका मकान है। बताया कि वह खुद हरिद्वार स्थित एक कंपनी में इंजीनियर हैं। घर के समीप ही एक और मकान में माता–पिता रहते हैं। बताया कि शनिवार शाम को चोरों ने उसके बंद घर के ताले तोड़कर पूरे घर को खंगाला। बताया कि चोरों ने आलमारी की तिजोरी तोड़कर उसमें रखे जेवरात सोने की चेन, अंगूठी, बच्चों के कान के सोने के चार कुंडल, दो जोड़ी चांदी की पायजेब और दो लाख रुपये नगदी उड़ा ले गये। रविवार सुबह जब उसके माता–पिता मकान की देखभाल करने गये तो घर के ताले टूटे मिले। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि हाल में जेल से जमानत पर छूटे चोरी के आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की टीमे गठित कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## पिता और बीमार बेटे से घर में घुसकर मारपीट

ऋषिकेश। अद्वैतानंद मार्ग निवासी एक शख्स ने उसके और बीमार बेटे के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। घर में घुसकर मारपीट के मामले में पुलिस ने शिकायत पर एक नामजद समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ को प्रयास तेज कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक रूपचंद सिल्सवाल निवासी भजन आश्रम, अद्वैतानंद मार्ग, ऋषिकेश ने तहरीर दी। बताया कि वह दूनमार्ग स्थित सरकारी अस्पताल के पास चाय की दुकान चलाते हैं। 23 जून की रात पड़ोस में रहने वाला कुनाल उनके घर में नौ से दस अज्ञात लोगों के साथ पहुंचा।

# आपातकाल भारत के इतिहास में काला दिनः गणेश जोशी

ऋषिकेश। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आपातकाल आजाद भारत के इतिहास में कभी न मिटने वाला काला अध्याय है। 48 साल पहले आज के ही दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने देश में इमरजेंसी लगाई थी। रविवार को नगर निगम सभागार में आपातकाल के 48 साल पूरे होने पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मंत्री जोशी ने कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक आपातकाल घोषित कर दिया था। कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में इसे काला दिवस के नाम से भी जानते हैं। इस दौरान प्रेस पर भी सेंसर लगा दिया गया। चुनाव रद्द कर दिए गए और नागरिकों की स्वतंत्रता रद्द करने के आदेश दे दिए गए। विरोधी पार्टियों को बहुत यातनाओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों को पुष्प माला और अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेसियों ने जनता पर जुर्म और अत्याचार किए। उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया गया तथा विरोधी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल दिया गया। इसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए हमें मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को अपना समर्थन देना है। कार्यक्रम का संचालन जयंत शर्मा और प्रदीप दूबे ने किया। लोकतंत्र सेनानी परिवार के सदस्य स्व. सुरेश शर्मा के पुत्र बृजेश शर्मा, शेर सिंह राणा, मनवर सिंह रावत, घनश्याम दास बिरला, बिहारी लाल, स्व. ज्ञान सिह नेगी के पुत्र दीपक नेगी, स्व. इन्द्रसेन अग्रवाल की पुत्रवधु शोभा रानी और ऊषा रानी को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मेयर अनिता ममगाईं, जिला महामंत्री दीपक धमीजा, जिला मंत्री गणेश रावत, पुष्पा ध्यानी, जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, दिनेश पयाल, माधवी गुप्ता, गुडी कलूडा, पूनम डोभाल, पुनिता भण्डारी, संदीप गुप्ता, कृष्णकुमार सिंघल, विनय उनियाल, गोविंद अग्रवाल, वायुराज, बालम सिह रावत आदि रहे।

# चकराता में रविवार की दोपहर बाद सैर को निकले पर्यटक



विकासनगर। बारिश के चलते रविवार दोपहर तक पर्यटक कमरों में कैद रहे। दोपहर बाद बारिश रुकने पर पर्यटक होटलों से बाहर निकले और पर्यटन स्थलों पर घूमते नजर आए। पर्यटकों की आमद से छावनी बाजार भी गुलजार रहा। शुक्रवार शाम से ही बड़ी संख्या में पर्यटक चकराता पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से क्षेत्र के होटल, रिजॉर्ट व होम स्टे पैक हो रखे हैं। शनिवार शाम भी बड़ी संख्या में पर्यटक चकराता पहुंचे, लेकिन होटलों में कमरे न मिलने पर कई पर्यटकों को वापस भी लौटना पड़ा। रविवार सुबह से हो रही बारिश के कारण अधिकांश पर्यटक अपने होटल के कमरों में ही कैद रहे दोपहर बाद बारिश रुकने पर पर्यटकों ने सनसेट, सनराइज प्वाइंट, टाईगर फॉल, कोटी कनासर आदि जगहों पर जाकर हरे भरे सुंदर पहाड़ो के नजारों का लुत्फ उठाया। उन्होंने पहाड़ो के बीच तैर रहे बादलों के सुंदर नजारों को अपने मोबाइल और कैमरों में कैद किया। बारिश के बाद तापमान के 19 डिग्री पर पहुंच जाने से पर्यटकों ने चकराता के ठंडे मौसम का आनंद उठाया। पर्यटकों ने बाजार में लोकल उत्पादों और फलों की भी खूब खरीदारी की। वहीं, बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से लोगो को पार्किंग के लिए भी जगह नहीं मिल पाई, जिससे बार बार जाम लगता रहा।

## जनजातीय कल्याण समिति ने स्वास्थ्य उप केंद्र घणता को दवाई मुहैया कराई

विकासनगर। जौनसार बावर जनजातीय कल्याण समिति दिल्ली की ओर स्वास्थ्य उप केंद्र घणता में आवश्यक दवाइयां और सेनेट्री पैड उपलब्ध कराए। रविवार सुबह समिति का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विधादत्त जोशी के नेतृत्व में गांव पहुंचा और खत बणगांव के घणता गांव में चालदा मंदिर समिति के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र को दवा सौंपी। उन्होंने बताया कि समिति विगत 17 वर्ष से जौनसार बावर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करती रही है,

# नाबालिग से छेड़खानी, मारपीट व पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली विकासनगर क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि एक युवक ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट कर छेड़खानी की है। यही नहीं आरोपी ने गाली–गलौज कर उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट, गाली–गलौज, जान से मारने की धमकी, छेड़खानी और पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी दानिश पुत्र खलील निवासी विकासनगर ने 18 जून को उसके घर के पास में ही उसकी नाबलिग बेटी के साथ छेड़खानी की। बताया कि विरोध करने पर आरोपी ने उसकी बेटी के साथ मारपीट की है। यही नहीं आरोपी ने बेटी को मुंह बंद रखने की हिदायत देते हुए कहा कि यदि उसने छेड़खानी के बारे में किसी को कुछ बताया तो उसे जान से मार देगा। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी खतरनाक किस्म का है, जिससे उसकी बेटी के लिए खतरा पैदा हो गया है। बताया कि आरोपी कभी किसी भी हद को पार कर सकता है।

इसलिए आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाय।

## सम्पादकीय

# मैदान से पहाड़ तक सब जलमग्न

मानसून की पहली बारिश उत्तराखंड में अपना असर दिखाने लगी है। मैदान से लेकर पहाड़ो तक बारिश के कारण सभी गतिविधियां या तो ठप हो चुकी हैं या बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। सबसे ज्यादा असर चार धाम की यात्रा के केदारनाथ मार्ग पर देखने को मिला है जहां भारी बारिश के चलते यात्रा को रोक दिया गया है। मौसम खुलने के बाद आगे की यात्रा निश्चित की जाएगी। वही बद्रीनाथ मार्ग पर भी कुछ ऐसे ही हालात देखने को मिले हैं हालांकि राज्य सरकार पहली ऐसी स्थिति से निपटने के लिए योजना तैयार कर चुकी है। इसी के तहत यात्रियों को और यात्रा करने से भी रोका जा रहा है। ना केवल पहाड़ों में बल्कि मैदानी क्षेत्र में भी बारिश ने अपना विकराल रूप दिखाया है। धर्मनगरी हरिद्वार में नगर पालिका की कारगुजारी और खुलकर सामने आई है और यह स्पष्ट हो गया है कि मानसून से पूर्व यहां प्रशासन ने जल निकासी के संबंध में विचार ही नहीं किया। समूचा नगर जलभराव से जूझता रहा और लोगों के घरों अस्पतालों के अंदर तक पानी घुस गया। ऐसे हालात अभी उत्पन्न होते हैं जब जिला प्रशासन की ओर से भविष्य की संभावनाओं को अनदेखा किया जाता है। अपने कार्य की जिम्मेदारी एक दूसरे के ऊपर थोपने की आदत से अधिकारी बाज नहीं आ रहे हैं, जल निकासी के नाम पर हरिद्वार हो या देहरादून गंभीरता के साथ कार्य हुआ ही नहीं। विभाग लीपापोती में लगे रहे और परिणाम अब सबके सामने है। पहाड़ों में व्यापक बारिश के बाद बाहर एवं भूस्खलन की घटनाएं होना प्राकृतिक है और अधिकांश घटनाओं में इंसान के पास करने के लिए कुछ नहीं है। मैदानी क्षेत्रों की स्थिति इससे उलट है और यदि यहां मानसून से पूर्व जल निकासी की व्यवस्था ऊपर धरातलीय कार्य की जाए तो ऐसी हालातों से बचा जा सकता है जो वर्तमान में देखने को मिल रहे हैं। मानसून की पहली बारिश के बाद सामने आया हालात राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के लिए आने वाले कुछ दिनों में एक बड़ी चुनौती के तौर पर सामने आने वाले हैं। खासतौर से चार धाम यात्रा के आयोजन को लेकर अब खासी सतर्कता बरतने का समय है और जरा सी भी चूक हजारों यात्रियों के लिए एक मुसीबत बन सकती है। यात्रा मार्ग पर कहीं भी भूस्खलन की संभावनाएं बनी रहती हैं और अक्सर यात्री इन में फस भी जाते हैं। इन परिस्थितियों में जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे स्थानों को चिन्हित कर यात्री को सूचित करें एवं आपदा की स्थिति में यात्रियों के भोजन व बुनियादी वस्तुओं की उपलब्धता पर खास ध्यान दें। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार से समझौता नहीं करना चाहिए और संभावनाओं के अनुरूप यदि यात्रा रोकनी भी पड़े तो सख्ती के साथ इस पर अमल भी करना चाहिए। पर्यटक स्थलों पर यात्रियों की अधिक भीड़ उमड़ना भी खतरनाक साबित हो सकता है अतः मानसून चलने तक यात्रियों की संख्या पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी है। वर्ष 2013 में केदारनाथ आपदा के दौरान हजारों लोग मारे गए थे और उस समय भी केदारनाथ में क्षमता से कहीं अधिक श्रद्धालु मौजूद थे। यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता और अभी तो मानसून शुरू हुआ है लिहाजा मैदान एवं पहाड़ दोनों में सुरक्षा के प्रबंधों पर तत्पर तैयार रहने का वक्त आ गया है। आने वाले दिनों में मानसून अभी अपना और विकराल रूप दिखाएगा लिहाजा यात्रियों की विवाह जिम्मेदारी है कि वह फिलहाल चार धाम यात्रा पर आने से बचें एवं मौसम विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले अलर्ट के अनुसार अपने कार्यक्रम सुनिश्चित करें।

# भाजपा की कहानियों का क्या जवाब है!

**अजीत द्विवेदी**



देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियों के नेता पटना में मिल रहे हैं। अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए इन पार्टियों के बीच एक मोटी सहमति हो गई है कि भाजपा के खिलाफ सबको मिल कर लड़ना है। उसकी बारीकियों, खासतौर से सीटों के बंटवारे या रणनीतिक एडजस्टमेंट के बारे में आगे बात होगी। लेकिन इस राजनीतिक सहमति के आगे क्या? यह यक्ष प्रश्न है कि विपक्षी पार्टियों के पास आम जनता को सुनाने के लिए क्या कहानी है? भारतीय जनता पार्टी के पास ढेर सारी कहानियां हैं– कुछ सच्ची, कुछ झूठी और कुछ अधूरी। अभी 19 जून को महाराष्ट्र की एक सभा में राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि दुनिया के 120 देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों ने एक साथ मिल कर नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना है और कहा है कि वे विश्व मंच पर उनकी बात उठाएं। इस कहानी का क्या जवाब विपक्ष के पास है? क्या विपक्ष के नेता भाजपा की ओर से गढ़े जा रहे नैरेटिव के बरक्स अपना कोई काउंटर नैरेटिव गढ़ सकते हैं?

फडनवीस का बयान भाजपा की ओर से सुनाई जाने वाली सैकड़ों कहानियों में से एक कहानी है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा और उसके बाद सितंबर में होने वाले जी–20 देशों के नई दिल्ली में होने वाले सम्मेलन से और बल मिलेगा। लेकिन इसके अलावा भाजपा के पास और भी कहानियां हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे पसंदीदा कहानियों में से एक विपक्ष के भ्रष्टाचार और परिवारवाद की है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से विपक्ष के हर नेता को भ्रष्ट साबित किया गया है। तमिलनाडु में एमके स्टालिन सरकार के मंत्री सेंथिल बालाजी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार होकर जेल गए तो पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के मंत्री पाथी चटर्जी जेल भेजे गए। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन जेल भेजे गए। झारखंड में मुख्यमंत्री और कई मंत्रियों पर तलवार लटकी है तो तेलंगाना में मुख्यमंत्री की बेटी केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। लालू प्रसाद का पूरा परिवार किसी न किसी मामले में उलझा है, तभी सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि गिरफ्तारी का अगला नंबर उनका हो सकता है। बसपा प्रमुख मायावती के भाई और भाभी के खिलाफ जमीन आवंटन के बदले 261 फ्लैट लेने का एक नया मामला आ गया है। जदयू सांसद के बेटे की कंपनी को 16 सौ करोड़ रुपए का ठेका दिए जाने का मामला सबसे ताजा है। समाजवादी पार्टी से लेकर एनसीपी और शिव सेना तक कोई भी पार्टी भ्रष्टाचार के आरोपों से बची नहीं है।

इसी तरह परिवारवाद प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा का पसंदीदा विषय हैं। पिछले दिनों अमित शाह तमिलनाडु के दौरे पर गए तो उन्होंने 2जी, 3जी, 4जी का जुमला बोला और इसका मतलब समझाते हुए कहा कि मारन परिवार 2जी है यानी दो पीढ़ी से राज कर रहा है, करुणानिधि परिवार 3जी है या तीन पीढ़ी से राज कर रहा है और गांधी परिवार 4जी है, जो चार पीढ़ी से राज कर रहा है। यह जुमला पूरे देश में विपक्षी पार्टियों की साख खराब करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पहले भी इसका इस्तेमाल हुआ है और हर बार ऐसा लगता है कि परिवारवाद का जुमला काठ की हांडी है, जो आगे फिर चूल्हे पर नहीं चढ़ पाएगी। लेकिन हर बार भारी भरकम प्रचार के जरिए इस मुद्दे पर आम जनता को भाजपा और अन्य पार्टियों का फर्क समझा दिया जाता है। इस बार भी ऐसा होगा। चुनाव में भ्रष्टाचार और परिवारवाद ये दो मुद्दे ऐसे होंगे, जिन पर भाजपा विपक्ष की एकजुटता को काउंटर करने का अपना नैरेटिव गढ़ेगी।

इन दो अहम मुद्दों के बाद विकास और विश्वगुरू का नैरेटिव है। देवेंद्र फडनवीस ने जो कहानी सुनाई है वह विश्वगुरू वाले नैरेटिव का हिस्सा है। पिछले कुछ समय से भाजपा इसका प्रचार कर रही है कि नरेंद्र मोदी की कमान में दुनिया में भारत का मान बढ़ा है और दुनिया भारत की बात ज्यादा ध्यान से सुनने लगी है। अमित शाह ने एक बार कहा था कि दुनिया में कोई भी बड़ा फैसला अब नरेंद्र मोदी की राय के बगैर नहीं होता है। भाजपा ने इस बात का प्रचार किया कि मोदी ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए रूस–यूक्रेन युद्ध रूकवा दिया था। अमेरिका की एक संस्था 'मॉर्निंग कंसल्टइ के सर्वेक्षण के आधार पर मोदी को साल में दो बार दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता ठहराया जाता है। उस सर्वे के मुताबिक मोदी को 76 फीसदी से ऊपर की एप्रूवल रेटिंग हासिल होती है। भले तमाम अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सूचकांक में भारत की रेटिंग गिर रही है लेकिन मीडिया में मोदी की रेटिंग बढ़ रही है और उसके प्रचार के जरिए जनता को यह भरोसा दिलाया जाता है कि उन्होंने बिल्कुल ठीक नेता चुना है और इससे बेहतर नेता देश में क्या दुनिया में नहीं है। इसका बड़ा मनोवैज्ञानिक असर होता है।

**फडनवीस का बयान भाजपा की ओर से सुनाई जाने वाली सैकड़ों कहानियों में से एक कहानी है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा और उसके बाद सितंबर में होने वाले जी–20 देशों के नई दिल्ली में होने वाले सम्मेलन से और बल मिलेगा। लेकिन इसके अलावा भाजपा के पास और भी कहानियां हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे पसंदीदा कहानियों में से एक विपक्ष के भ्रष्टाचार और परिवारवाद की है।**

विकास का नैरेटिव जितने बेहतर तरीके से नरेंद्र मोदी बेच सकते हैं, वैसा कोई और नहीं बेच सकता है। सबको पता है कि कैसे गुजरात मॉडल देश में बेचा गया था। उसी तरह अब भारत के विकास की कहानियां बेची जा रही हैं। देश में महंगाई कम हो रही है और थोक महंगाई दर माइनस में पहुंच गई है। विकास दर दुनिया में सर्वाधिक है। दुनिया में आ रही आर्थिक मंदी का शून्य असर भारत पर होगा। भारत से 10 हजार करोड़ रुपए का आईफोन का निर्यात हुआ है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ रहा है। देश में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त का अनाज दिया जा रहा है। भारत की विमानन कंपनियां एक बार में पांच–पांच सौ विमान खरीदने के ऑर्डर दे रही हैं। कुल मिला कर यह नैरेटिव बनाया गया है कि जब सारी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में जा रही है तो एकमात्र चमकदार उदाहरण भारत है और वह नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व की वजह से है।

अंत में हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और सीमा की सुरक्षा का नैरेटिव है, जो पहले दिन से चला आ रहा है। चीन की घुसपैठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया कि न कोई घुसा है और न कोई घुस आया है। उनके इस बयान की वजह से भारत कहीं भी चीन की आक्रमकता का बहुत विरोध करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन यह बयान यह साबित करने के लिए है कि सीमा सुरक्षित है और जरूरत पड़ने पर भारत बालाकोट या उरी की तरह सर्जिकल स्ट्राइक करने से पीछे नहीं हटेगा। अगला चुनाव आने तक अयोध्या में राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी और साथ ही कई अन्य मंदिरों के जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा। तभी सवाल है कि भाजपा की इन हजार कहानियों का मुकाबला करने के लिए विपक्ष के पास क्या कहानी है? विपक्ष भाजपा के गढ़े नैरेटिव पर प्रतिक्रिया देता रहेगा या अपना कोई नया नैरेटिव बनाएगा, जिस पर भाजपा प्रतिक्रिया दे? कर्नाटक के चुनाव का जो सबक है क्या विपक्ष उसे लोकसभा चुनाव में लागू कर पाएगा? इस सवाल पर कल विचार करेंगे।

# कन्हैया को रोकने में लगी दिल्ली कांग्रेस

सीपीआई छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए फायरब्रांड युवा नेता कन्हैया कुमार को कांग्रेस में उन्हीं मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जो बाहर से आने वाले किसी दूसरे नेता को होती है। कांग्रेस के नेता उनको कोई अहम पद दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। जिस पद के लिए उनका नाम चल रहा है वहां उनका विरोध शुरू हो जा रहा है। उनको श्रीनिवास बीवी की जगह यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा चली थी, लेकिन कई नेताओं ने उसमें फच्चर डाल दिया है। इस वजह से फैसला अटका हुआ है। इसी तरह उनको दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने की चर्चा शुरू हुई तो कांग्रेस के तमाम पुरान नेता अपनी आपसी दुश्मनी भूल कर उनको रोकने में लग गए। हालांकि कांग्रेस के कई नेता मान रहे हैं कि प्रवासी और मुस्लिम वोट कांग्रेस में वापस लाने में कन्हैया बेहतर चेहरा हो सकते हैं।

इसके बावजूद कांग्रेस आलाकमान उनके बारे में फैसला नहीं कर पा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल चौधरी का कार्यकाल पूरा हो गया है। और वैसे भी पिछले साल दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस की बुरी हार के बाद उनको बदलना तय था। लेकिन अभी तक फैसला नहीं हो पाया है। कांग्रेस में बरसों से दो खेमे थे। एक शीला दीक्षित का और दूसरा अजय माकन का। शीला दीक्षित के निधन के बाद उनका खेमा कमजोर हुआ था और माकन की ताकत बढ़ी। हालांकि पिछले कुछ दिनों से शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित सक्रिय हुए हैं। बताया जा रहा है कि संदीप दीक्षित और अजय माकन दोनों ने पुरानी दुश्मनी भूल कर साथ आ गए हैं ताकि कन्हैया कुमार को दिल्ली का अध्यक्ष बनने से रोका जा सके। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस नेताओं का विरोध देख कर कांग्रेस आलाकमान के लिए कन्हैया को नियुक्त करना मुश्किल हो रहा है।

# सुबह उठते ही छींक आने से हो जाते हैं बेहाल? ये है इसकी वजह, इस तरह मिलेगा छुटकारा

हर इंसान एक खुशगवार और सुहानी सुबह की कल्पना करता है. लेकिन सबका ये सपना पूरा नहीं हो पाता. इसके पीछे छींक भी एक वजह हो सकती है. दरअसल कई लोग शिकायत करते हैं कि सुबह उठते ही उनको छींक आना शुरू हो जाती है जो रुकती नहीं है.सुबह बिस्तर से उठते ही एक के बाद एक छींक आने लगती है और पूरा मूड खराब हो जाता है.

कई बार छींक के अलावा नाक और गले में खुजली भी होती है. अगर आप या आपका कोई करीबी इस परेशानी का शिकार है तो आपको इस बीमारी के बारे में जानना जरूरी हो जाता है. चलिए जानते हैं कुछ लोगों को सुबह उठते ही छींकें क्यों आती हैं.

**एलर्जिक राइनाइटिस है वजह**

सुबह उठते ही अगर छींकें आ रही हैं तो इसे एलर्जिक राइनाइटिस कहा जाता है. ये एक तरह की एलर्जी है जो कुछ लोगों को खासा परेशान कर डालती है. जिन लोगों को ये एलर्जी होती है, उन्हें सुबह उठते ही छींक आती हैं और गला खुजलाने लगता है. इसकी वजह है कि सुबह उठते ही नाक के जरिए धूल और आस पास के हानिकारक कण शरीर में घुस जाते हैं. यूं तो नाक धूल के कणों को रोकने की कोशिश करती है लेकिन फिर भी एक साथ कई सारे धूल के कण शरीर में घुस जाते हैं और उनके ही रिएक्शन से गले में खुजली के साथ छींकें आने लगती हैं. एलर्जिक राइनाइटिस अगर ज्यादा गंभीर हो जाए तो नाक और गले में खुजली के साथ फेस पर सूजन भी आ सकती है.

# वैश्विक वित्तीय संधि के सम्मेलन से क्या हासिल होगा?

**श्रुति व्यास**




बड़े–बड़े देश, छोटे–छोटे देशों के हालात, उनकी मुसीबतों पर बात करने जा रहे हैं। बाईस जून से फ्रांस के राष्ट्रपति की मेजबानी और अध्यक्षता में नई ग्लोबल फाइनेंसिंग संधि पर शिखर बैठक शुरू हो रही है। इस आयोजन के बारे में बड़ी–बड़ी बातें कही जा रही हैं। एक नमूना यह रहा– इस सम्मलेन का लक्ष्य है वैश्विक वित्तपोषण व्यवस्था अर्थात विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को एक ऐसा नया स्वरुप देना, जिससे वह आने वाले नए दौर के लिए तैयार हो जाएझ वह दौर, जिसमें जलवायु परिवर्तन होगा और ऋण के बोझ तले दबे देशों पर एक के बाद एक संकट आएंगे। शब्द तो भारी–भरकम हैं, और उम्मीदों और वायदों से लबरेज भी हैं।

नई वैश्विक फाइनेंसिंग संधि तैयार करने के लिए हो रहे इस सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, अमेरिका की वित्त मंत्री जैनेट येलेन और कम से 16 अफ्रीकी देशों के राष्ट्रपति भाग लेंगे। खूब बातें होंगी, बड़ी–बड़ी बातें होंगी।

सम्मलेन के पहले इमैनुएल मैक्रों, जो बाइडेन, ऋषि सुनक, फुमिओ किशिदा और कई अन्य वैश्विक नेताओं ने एक खुले पत्र में दुनिया की विकास संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा की। यह दस्तावेज विकास और समानता लाने और भूख, गरीबी और असमानता को भगाने के साथ–साथ लचीली नीतियों और 'ग्रीन' भविष्य में निवेश की चर्चा भी करता है। इन सभी ने संकल्प व्यक्त किया है कि वे एकजुट होकर, मिल–जुलकर विकासशील देशों के सामने जो चुनौतियां हैं उनसे निपटने और अपने वैश्विक एजेंडे को पूरा करने के लिए काम करेंगे। इसके अलावा और भी कई बातें कही गई हैं।यह सब बहुत ओजस्वी और आशाजनक लगता है। लेकिन क्या सभी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऐसे ही नहीं होते? पश्चिमी देश बार–बार और लगातार आशा जगाते हैं, लेकिन जहां तक अमल का सवाल है, उनका रिकॉर्ड निराशाजनक रहा है।

हाल के समय में बड़े–बड़े वायदे बार–बार तोड़े गए हैं। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए धनराशि देने के वायदे किए गए परंतु नहीं दी गई। वैक्सीनों की जमाखोरी की गई और अनुदान के बजट में कटौती हुई। अफ्रीकी देश इस सबसे तंग आ चुके हैं। वे चाहते हैं कि सभी संस्थाओं में उन्हें प्रमुख स्थान दिया जाए, उनके कल्याण से संबंधित मामलों में उनके नजरिए को महत्व मिले और उनकी आवाज सुनी जाए।

अंगोला की वित्त मंत्री वेरा डेव्स ने इस बारे में बिना लाग–लपेट के अपनी बात रखी और उनकी बात बिल्कुल सटीक है। उन्होंने कहा– जब फैसले लेने वालों को संबंधित देश की जमीनी हकीकत की जानकारी नहीं होती तो वे समस्याओं और परिस्थितियों की ठीक से नहीं समझ पाते। इसलिए यह जरूरी है कि संस्थाओं में हमारी (अफ्रीकियों की) मौजूदगी बढ़े।

साफ है कि एक पूरे महाद्वीप को न्यायोचित स्थान नहीं मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में उनकी आवाज नहीं सुनी जाती और यूक्रेन युद्ध के चलते उनकी और अधिक उपेक्षा का अंदेशा है। यह माना जा रहा है कि प्रस्तावित सुधारों के बाद भी अफ्रीका उपेक्षित ही रहेगा।

वक्त जरा भी दया नहीं करता। वह क्रूर होता है। पश्चिम भी इस कठिन दौर में समस्याओं से जूझ रहा है। बढ़ती मुद्रास्फीति, चढ़ती ब्याज दरें, मुद्रा के प्रवाह को ठीक करने की जरुरत, कीमतों में इज़ाफा, युद्ध, पुतिन और किम जोंग उन– पश्चिम कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। उसकी प्लेट समस्याओं से भरी हुई है। दूसरी ओर, कई अफ्रीकी और मध्य–पूर्वी देशों में प्लेटों में न तो खाना है और ना पानी। संयुक्त राष्ट्र संघ का 2030 तक घोर गरीबी के उन्मूलन का अभियान अपने लक्ष्य से बहुत दूर रहेगा। चरम मौसमी घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और साथ ही कर्ज में डूब चुके या डूब रहे देशों की भी। वैश्विक वित्तीय प्रणाली के कमजोर होने से हालात और बिगड़ रहे हैं। अमेरिका में बढ़ती ब्याज दरों के चलते उन गरीब देशों की मुसीबत और बढ़ गई है, जिन्होंने अमेरिकी डॉलर में कर्ज लिया था। यह उम्मीद थी कि अफ्रीका में क्लीन एनर्जी के लिए विश्व बैंक द्वारा धन उपलब्ध करवाने से निजी क्षेत्र वहां निवेश करने के लिए टूट पड़ेगा। परंतु ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। कर्ज से तेजी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई एक नई प्रणाली अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपयुक्त नहीं पाई गई। उन देशों पर कठिन शर्तें थोपी जा रही हैं, जिन्हें कर्ज की आवश्यकता है। इसके नतीजे में उनमें से कई चीन की ओर देख रहे हैं।

मैक्रों द्वारा आयोजित इस वित्तीय शिखर सम्मलेन से बहुत उम्मीदें हैं और उस पर नजर रखी जा रही है। लेकिन समस्या यह है कि मैक्रों और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के अलावा जी–7 देशों की कोई बड़ी हस्ती इस सम्मेलन में भाग नहीं ले रही है। इसी से जाहिर है कि वे इसे कितनी गंभीरता से ले रहे हैं।

उन सबने भले ही मिलकर एक खुला पत्र लिखा हो लेकिन उनके स्वंय न आने और सम्मेलन मे अपने प्रतिनिधियों को भेजने से उसका महत्व कम हो गया है। क्या केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति और जर्मन चांसलर ही सही रास्ते पर चलने में दिलचस्पी रखते हैं? इसलिए संभावना यही है कि यह एक और 'रोचक सम्मेलनइ साबित होगा, जिसमें बड़ी–बड़ी बातें होंगी और बड़ी–बड़ी आशाएं जगाई जाएंगी। लंबे–चौड़े वादे किए जाएंगे– सहायता के, धन के, समर्थन और सहयोग के। परंतु संभावना यही है कि अफ्रीकी देशों और कर्ज के बोझ तले कराह रहे दूसरे देशों के नेताओं के लिए यह सम्मलेन केवल खोखली आशाएं जगाएगा।

**वक्त जरा भी दया नहीं करता। वह क्रूर होता है। पश्चिम भी इस कठिन दौर में समस्याओं से जूझ रहा है। बढ़ती मुद्रास्फीति, चढ़ती ब्याज दरें, मुद्रा के प्रवाह को ठीक करने की जरुरत, कीमतों में इज़ाफा, युद्ध, पुतिन और किम जोंग उन– पश्चिम कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। उसकी प्लेट समस्याओं से भरी हुई है। दूसरी ओर, कई अफ्रीकी और मध्य–पूर्वी देशों में प्लेटों में न तो खाना है और ना पानी। संयुक्त राष्ट्र संघ का 2030 तक घोर गरीबी के उन्मूलन का अभियान अपने लक्ष्य से बहुत दूर रहेगा। चरम मौसमी घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और साथ ही कर्ज में डूब चुके या डूब रहे देशों की भी। वैश्विक वित्तीय प्रणाली के कमजोर होने से हालात और बिगड़ रहे हैं। अमेरिका में बढ़ती ब्याज दरों के चलते उन गरीब देशों की मुसीबत और बढ़ गई है, जिन्होंने अमेरिकी डॉलर में कर्ज लिया था। यह उम्मीद थी कि अफ्रीका में क्लीन एनर्जी के लिए विश्व बैंक द्वारा धन उपलब्ध करवाने से निजी क्षेत्र वहां निवेश करने के लिए टूट पड़ेगा। परंतु ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। कर्ज से तेजी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई एक नई प्रणाली अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपयुक्त नहीं पाई गई। उन देशों पर कठिन शर्तें थोपी जा रही हैं, जिन्हें कर्ज की आवश्यकता है। इसके नतीजे में उनमें से कई चीन की ओर देख रहे हैं।**

# हर सिगरेट खतरनाक है



विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई–सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है।

समाज में यह गलत धारणा बनाई गई है कि ई–सिगरेट खतरनाक नहीं है। इस भ्रम के कारण कई लोग सिगरेट छोड़ने की कोशिश में इसे अपना लेते हैं। उधर नौजवान भी यह सोच कर इसकी लत पाल लेते हैं कि इसमें वह खतरा नहीं है, जो तंबाकू वाली सिगरेट में होता है। इसलिए इस सिलसिले में विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई–सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है। डब्लूएचो के मुताबिक भारत में 15 से 30 साल की उम्र के करीब 61 फीसदी ऐसे युवा हैं, जिन्होंने ई–सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है। लेकिन भविष्य में इसकी चपेट में आ सकते हैं। देश और विदेश में हुए एक अध्ययन ई–सिगरेट संबंधी खतरों पर रोशनी पड़ी है। डब्लूएचओ के अनुसार मस्तिष्क के विकास पर निकोटीन के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों और उपकरणों में मौजूद अन्य रसायनों से संभावित खतरों के कारण नौजवान ई–सिगरेट की तरफ खिंच रहे हैं। यह अब एक प्रमुख चिंता बन गया है। खास कर भारत में देखा गया है कि युवा ई–सिगरेट के खतरों से लापरवाह होते जा रहे हैं।स्पष्ट है, इन खतरों के बारे में जागरूकता लाने के लिए बड़े पैमाने पर मुहिम चलाने की जरूरत है। अध्ययन से सामने आया कि भारत में 51 प्रतिशत लोग, जिन्होंने पहले कभी ई–सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है, वे इसके भविष्य में इस्तेमाल को लेकर उत्सुक हैं। 47 प्रतिशत भारतीयों ने ई–सिगरेट का विज्ञापन देखा है। अध्ययन में शामिल अधिकांश भारतीय पढ़े–लिखे और अमीर परिवारों से थे। इसलिए शोधकर्ताओं ने ई–सिगरेट के विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। भारत दनिया में तंबाकू के सबसे बड़े बाजारों में एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक लगभग 27 प्रतिशत भारतीय आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल करती है। इन लोगों की इस लत को छुड़ाना एक बड़ी चुनौती है। लेकिन इस लत को छोडने को कोशिश में लोग दूसरी खतरनाक लत अपना लें, तो बात जस की तस रहेगी। इसलिए असल चुनौती हर प्रकार के सिगरेट के खतरों से समाज को अवगत कराने की है।

## नियंत्रण रेखा पर चीन की चालबाजी

# अब रक्षा बुनियादी ढांचे के निर्माण में पाकिस्तान की कर रहा मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन भारत के खिलाफ अपनी खुराफातों से बाज नहीं आ रहा है। इन दिनों वह अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान को मानव रहित और लड़ाकू और विमान उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा संचार टावर स्थापित कर रहा है। नियंत्रण रेखा पर भूमिगत केबल बिछाने के साथ ही रक्षा बुनियादी ढांचे के निर्माण में भी उसकी मदद कर रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, यह पाकिस्तान के साथ दोस्ती के रूप में चीन की स्थिति को और मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। इसके साथ वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और क्षेत्र में चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) की सड़क व जल विद्युत परियोजनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बहाने भी यह मदद कर रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में विकसित 155 मिमी ट्रक–माउंटेड (ट्रक से संचालित) हॉवित्जर तोप एसएच–15 को पिछले साल पाकिस्तान दिवस पर प्रदर्शित किए जाने के बाद एलओसी के पास कुछ स्थानों पर देखा गया है। पाकिस्तान ने 236 एसएच –15 की आपूर्ति के लिए चीनी फर्म नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नोरिनको) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हें 'शूट एंड स्कूट' तोपखाना हथियार के रूप में जाना जाता है। लंदन स्थित जेन्स डिफेंस पत्रिका के अनुसार, पहले जत्थे की आपूर्ति जनवरी 2022 में की गई थी।

हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि अग्रिम चौकियों पर पीएलए के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी नहीं पाई गई, जैसा कि 2014 में पता चला था, लेकिन पकड़े गए कुछ संदेशों से पता चला है कि चीनी सैनिक और इंजीनियर एलओसी पर भूमिगत



बंकरों के निर्माण सहित बुनियादी ढांचे की स्थापना कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि सेना ने आधिकारिक तौर पर इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है लेकिन खुफिया एजेंसियों को लगातार जानकारी दी जा रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यहां चीनी सेना की मौजूदगी बीजिंग के 46 अरब डॉलर के सीपीईसी के कारण है, जिसके तहत कराची में ग्वादर बंदरगाह को काराकोरम राजमार्ग के माध्यम से चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ा जाएगा। काराकोरम राजमार्ग चीन के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र है। अधिकारियों ने संकेत दिया कि चीनी विशेषज्ञ हर मौसम में खुली रहने वाली सड़क बनाने की तैयारी के लिए पीओके में लीपा घाटी में कुछ सुरंगें खोद रहे हैं, जो काराकोरम राजमार्ग तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में काम करेगी।

बता दें कि एक चीनी दूरसंचार कंपनी ने 2007 में पाकिस्तान की दूरसंचार कंपनी का अधिग्रहण कर लिया था और चाइना मोबाइल पाकिस्तान (सीएमपाक) का गठन किया, जो चाइना मोबाइल कम्युनिकेशंस कॉर्पोरेशन की 100 फीसदी स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। पिछले साल अगस्त में, पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी (पीटीए) ने पीओके के लिए सीएमपाक (जोंग) के मोबाइल लाइसेंस को नवीनीकृत करते हुए क्षेत्र में नेक्स्ट जेनरेशन मोबाइल सर्विसेज (एनजीएमएस) के विस्तार की अनुमति दी थी।

भारत ने अतीत में गिलगित और बाल्टिस्तान क्षेत्रों में चीनियों की मौजूदगी पर कड़ी आपत्ति जताई है और अधिकारियों ने कहा कि सेना सीमा पार से किसी भी चाल को विफल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारत और पाकिस्तान 25 फरवरी, 2021 से युद्धविराम का पालन कर रहे हैं।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चीनी अध्ययन के प्रोफेसर श्रीकांत कोंडापल्ली का मानना है कि पाकिस्तान को हथियारों का हस्तांतरण क्षेत्र में चीन के हितों को सुरक्षित करने की एक योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सदाबहार दोस्त होने और समग्र क्षेत्रीय प्रभुत्व नीति को अपनाकर भारत को संतुलित करने के अपने अक्सर घोषित रुख के अनुरूप बीजिंग ने पाकिस्तान को अपने हथियारों की आपूर्ति बढ़ा दी है।

उन्होंने कहा, चीन ने पाकिस्तान के पीओके में भारत की संप्रभुता संबंधी चिंताओं का उल्लंघन करते हुए 2014 में एक आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शुरू किया था। उन्होंने कहा, काराकोरम राजमार्ग के विस्तार के अलावा चीन ने अपनी जल–विद्युत परियोजनाओं और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए पीओके में अनुमानित 36,000 'सुरक्षा गार्ड' भेजे हैं। कोंडापल्ली ने कहा कि चीन पीओके में कथित 'समृद्ध समाज' वाले गांवों का भी निर्माण कर रहा है।

## महाजुटान में 'दल जुटे, लेकिन 'दिल जुड़ने की राह में कई चुनौतियां

**पटना एजेंसी,।** बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की बैठक से यह संकेत तो मिल गए कि अगर विपक्षी दलों की योजना के अनुसार सबकुछ हुआ तो देश की राजनीति के समीकरण बदलेंगे। लेकिन, माना यह भी जा रहा है कि अभी यह दावे के साथ कहना जल्दबाजी है। विपक्षी एकता में दल मिल गए हैं, लेकिन दिल मिलने और चुनावी मैदान में फील्डिंग सजाने की डगर में अभी कई चुनौतियां हैं। ऐसे भी देखा जाए तो नीतीश कुमार के सरकारी आवास पर शुक्रवार को आयोजित देश की करीब 15 विपक्षी दलों की बैठक से फिलहाल कोई ठोस फलाफल नहीं निकला है।

इस, बैठक से इतनी बातें जरूर निकली हैं कि बैठक में उपस्थित दलों के नेता भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए कुछ हद तक समझौता भी करेंगे। वैसे, इस बैठक का सबसे बड़ा लाभ कांग्रेस को हुआ दिख रहा है।

## पाकिस्तान में दो यात्री बसों में जबरदस्त भिड़ंत, 10 लोगों की मौत, 40 घायल

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के नवाब शाह जिले में रविवार को दो यात्री बसों की टक्कर हो गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए। दुर्घटना जिले के दौर इलाके में हुई है। यहां पर एक लेन वाले रोड पर विपरीत दिशाओं में जा रही दो बसें एक ही समय में दो अलग–अलग वाहनों से आगे निकल गईं, जिस वजह से यह दुर्घटना हुई। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया और सभी घाय लों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक बस पेशावर से कराची जा रही थी जबकि दूसरी बस कराची से पंजाब प्रांत की ओर जा रही थी।

## पाकिस्तान में सिख युवक की गोली मारकर हत्या, घर में अकेला था कमाने वाला

**पेशावर एजेंसी।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। गत दिवस सिख युवक मनमोहन सिंह को गोलियां मारकर मार डाला। जिस समय वारदात हुई उस समय मनमोहन सिंह पेशावर के उपनगर रशीद गढ़ी से पेशावर के आंतरिक शहर क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ हथियारबंद लोगों ने गुलदारा चौक ककशाल के पास उन पर हमला कर दिया। यह क्षेत्र यक्का तूत पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है। पुलिस ने बताया कि मनमोहन सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मनमोहन के परिवार में माता–पिता, पत्नी, एक बेटा और एक भाई है। वह अपने घर में अकेला कमाने वाला था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान मे 300 सिख परिवार रहते हैं।

## वेस्ट बैंक में इजरायल की गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्ला, एजेंसी।** वेस्ट बैंक में इजरायल की ओर से की गयी गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें से एक को इजरायली चौकी पर हमला करने के लिए गोली मार दी गई। इज़रायली और फ़िलिस्तीनी सूत्रों बताया कि 18 वर्षीय इसाक अजलूनी को वेस्ट बैंक शहर रामल्लाह और यरूशलेम के बीच एक इज़रायली सेना चौकी पर इज़रायली सैनिकों ने मार डाला। फ़िलिस्तीनी गवाहों ने कहा कि यरूशलेम के उत्तर में कलंदिया चौकी पर अजलूनी द्वारा गोली चलाने और एक इज़रायली सुरक्षा गार्ड को मामूली रूप से घायल करने के बाद इजरायली सैनिकों ने उसे मार दिया।इजरायली पुलिस के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि एम16 स्वचालित मशीनगन से लैस एक फिलिस्तीनी चौकी पर पहुंचा और इजरायली सैनिकों और सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दीं। फतह आंदोलन की सशस्त्र शाखा अल–अक्सा शहीद ब्रिगेड ने इजरायली चौकी पर हमले की जिम्मेदारी ली। फिलिस्तीन ते स्वास्थ्य मंत्रालय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसके अलावा उत्तरी वेस्ट बैंक शहर नब्लस में वांछित फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार करने के लिए शुक्रवार को इजरायली सेना की छापेमारी के दौरान इजरायली सैनिकों की गोलीबारी से घायल तारिक इदरीस (39) ने शनिवार को दम तोड़ दिया।

## नीतीश का कद बढना, लालू की राजनीति में वापसी भाजपा के लिए अशुभ संकेत

**पटना एजेंसी,।** पटना में 20 राजनीतिक दलों की बैठक के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कद राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ गया है। इसके अलावा, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एक बार फिर राजनीति में जोरदार वापसी कर रहे हैं। इन दोनों नेताओं ने जिस तरह से बैठक में सूत्रधार की भूमिका निभाई, वह बिहार और देश में भाजपा के लिए अच्छा संकेत नहीं है। इन दोनों नेताओं का राज्य की जनता से जुड़ने का अनोखा अंदाज है। यह 2015 के विधानसभा चुनाव में देखा गया था, जब उन्होंने बिहार में नरेंद्र मोदी के 'विजय रथ' को रोक दिया था।

2024 में स्थिति भाजपा के लिए और भी खराब है, क्योंकि सत्ता विरोधी लहर भी चरम पर है। केंद्र की भाजपा सरकार को 2014 में किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की जोड़ी उन्हें भाजपा के लिए एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बना देगी।

नीतीश कुमार ही थे, जिन्होंने अपने बुलावे पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को पटना आने का निमंत्रण देने में अहम भूमिका निभाई थी। इससे यह भी साबित हो गया कि विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच नीतीश कुमार की स्वीकार्यता सबसे ज्यादा है। उनकी छवि साफ–सुथरी है और उनके खिलाफ कोई कानूनी या भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। उन्हें इन पार्टियों का संयोजक भी घोषित किया गया, जिसका मतलब है कि वह लोकसभा चुनाव के लिए दो या दो से अधिक पार्टियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत के दौरान मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे। पटना की बैठक की शानदार सफलता के बाद जद–यू विधायक शालिनी मिश्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट अपलोड किया, जिसमें नीतीश कुमार की तस्वीर और 'देश मांगे नीतीश' का नारा था।

## सीएम योगी ने दी बड़ी सौगात

# 1719 करोड़ रुपये की 124 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**नोएडा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गौतमबुद्धनगर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम रामनाथ गोयनका मार्ग नोएडा पंहुचकर रामनाथ गोयनका मार्ग का अनावरण कर कार्यक्रम को संबोधित किया। उसके बाद नोएडा स्टेडियम नोएडा सेक्टर 21ए पंहुचे जहां पर मुख्यमंत्री ने नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 1719 करोड़ की 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने देश के लोकतंत्र को बचाने वाले सभी ज्ञात और अज्ञात लोकतंत्र सेनानियों की स्मृतियों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सकारात्मक सोच के साथ अपने विजनरी नेतृत्व में देश को एक नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे काशी दिव्य आभा के साथ वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही है। वैसे ही अयोध्या भी नई अयोध्या के रूप में जगमगा रही है। दुनिया में रह रहा हर सनातन धर्मावलंबी और भारत का शुभचिंतक जनवरी 2024 का इंतजार कर रहा है, जब भगवान रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे।

उन्होंने कहा कि सवा तीन वर्ष से अपने 80 करोड़ नागरिकों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ देने वाला इकलौता देश भारत है। भारत की यात्रा ऐसे ही चलती रही तो 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भारत दो बड़ी उपलब्धियों को लेकर वैश्विक मंच पर छा रहा है। पहली उपलब्धि जी–20 की अध्यक्षता और दूसरी उपलब्धि भारत का दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विकास की सकारात्मक सोच के



साथ आगे बढ़ना है। विगत छह वर्ष में गौतमबुद्धनगर को लेकर लोगों का परसेप्शन बदला है। पहले दिल्ली में रहने वाले लोग ग्रेटर नोएडा आने में संकोच करते थे, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। अब दिल्ली और देश के कोने–कोने से लोग नोएडा और ग्रेटर नोएडा आना चाहते हैं। यहां पर मेडिकल डिवाइस पार्क, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हम संवाद के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान करेंगे। इस दौरान विकास की विरोधी और नकारात्मक ताकतों को बीच में नहीं आने देना है। आने वाली पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सफल नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि बायर और बिल्डर के बीच भी आने वाली सभी समस्याओं का समाधान हम बहुत ही जल्द करेंगे।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने जनता की सुरक्षा के लिए नोएडा पुलिस को 55 नए बोलेरो वाहन सौंपे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया। इसके अलावा कार्यक्रम में सीएम योगी के समक्ष नोएडा विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और एनटीपीसी के बीच म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सांकेतिक तौर पर एमओयू का हस्तांतरण किया गया।कार्यक्रम में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन. आर.आई. तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास के राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, लोकनिर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, सदस्य विधान परिषद श्री चंद शर्मा, समेत अन्य जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दर्शन का अधिकार न छीने सरकार

## काशी विश्वनाथ मंदिर में बढ़े टिकट शुल्क पर अखिलेश यादव का तंज

**वाराणसी , एजेंसी।** इस बार सावन में काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले भक्तों को विभिन्न आरती, सुगम दर्शन, अभिषेक और श्रृंगार के लिए ज्यादा शुल्क देना होगा। सावन के सोमवार को लेकर मंगला आरती के टिकट चार गुना महंगे कर दिए गए हैं। 500 रुपये में मिलने वाली मंगला आरती के टिकट का शुल्क दो हजार कर दिया गया है।

इसके अलावा सुगम दर्शन, रुद्राभिषेक, संन्यासी भोग और सावन के श्रृंगार का शुल्क भी बढ़ाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने मंदिर प्रशासन के इस फैसले पर आपत्ति जताई है। उन्होंने शुल्क वृद्धि के फैसले के वापस लेने की अपील की है। वहीं इस



मामले को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला भी बोला है।

उन्होंने रविवार को ट्वीट किया– 'भाजपा सरकार से आग्रह है कि 'बाबा विश्वनाथ जी' के दर्शन पर शुल्क लगाकर गरीबों, सच्चे भक्तों, व आम जनता से 'दर्शन का अधिकार' न छीने। भाजपा ने धर्म को व्यापार बना लिया है। नींदनीय!'

कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बढ़ाए गए शुल्क को वापस लेने की मांग की है। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि धर्म को व्यवसाय से जोड़ना उचित नहीं है। अभी तक बाबा का दरबार सबके लिए एक समान था। बिना किसी बड़े छोटे के भेदभाव सभी एक साथ बाबा का दर्शन पूजन करते थे। उन्होंने मांग की कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट ने सावन में दर्शन पूजन के लिए जो नए शुल्क लागू किए हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से निरस्त करें।

हर वर्ष की तरह इस बार भी सावन मास में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने सुगम दर्शन के साथ साथ अन्य प्रकार के पूजन के लिए ली जाने वाली राशि में वृद्धि की है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि सावन में सुगम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को 500 रुपये, मंगला आरती के लिए एक हजार, मध्याह्न भोग आरती के लिए 500 रुपये, सप्तर्षि आरती के लिए 500, भोग आरती के लिए 500 रुपये देने होंगे।

इसी तरह एक शास्त्री से रुद्राभिषेक कराने के लिए 700, पांच शास्त्री से रुद्राभिषेक के लिए 2100 रुपये, संन्यासी भोग के लिए 4500 रुपये शुल्क निर्धारित किए गए हैं। वहीं सावन के सोमवार पर सुगम दर्शन के लिए 750 रुपये, मंगला आरती के लिए 2000 रुपये, पांच शास्त्री से रुद्राभिषेक के लिए 3000 रुपये, संन्यासी भोग के लिए 7500 रुपये और श्रृंगार के लिए 20 हजार रुपये शुल्क देने होंगे।

# महाकाल के गर्भगृह में 70 दिन प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

## प्रसाद के लड्डू लेना भी होगा महंगा

**उज्जैन, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर के गर्भगृह में सावन–भादो में 70 दिनों तक दर्शनार्थियों का प्रवेश पूरी तरह बंद रखने पर सहमति बन गई है। इस दौरान किसी वीआईपी को भी प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही 11 जुलाई से उज्जैन के दर्शनार्थियों को अलग द्वार से मंदिर में प्रवेश मिलेगा। लड्डू प्रसाद की कीमत अब 360 रुपये किलो से बढ़ाकर 400 रुपये किलो करने का निर्णय भी श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति की बैठक में पास हुआ है।



श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक श्री महाकाल महालोक कंट्रोल रूम में कलेक्टर एवं अध्यक्ष कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें श्री महाकालेश्वर भगवान की दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था के संबंध में निर्णय लिया गया कि 4 जुलाई से 11 सितंबर तक श्री महाकालेश्वर भगवान के गर्भगृह दर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान 1500 रुपये के जलाभिषेक की रसीद भी बंद रहेगी। साथ ही श्रद्धालुओं के सरल सुलभ दर्शन के लिए प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इससे सभी श्रद्धालुओं को आसानी से दर्शन हो सकें।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण–भादो मास के दौरान प्रातःकालीन होने वाली भस्मआरती में चलित भस्मार्ती दर्शन व्यवस्था रहेगी, जिसमें श्रद्धालु बिना पंजीयन के चलित रूप से (बिना रुके) भस्मार्ती के दर्शन कर सकेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रावण–भादो माह में पहले से अनुमति प्राप्त कावड़ यात्री शनिवार, रविवार एवं सोमवार को छोड़कर मंगलवार से शुक्रवार तक द्वार क्रमांक 1 अथवा 4 से मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश कर सकेंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर में आगंतुक श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या होने से समयाभाव के कारण उज्जैन शहर में निवासरत श्रद्धालुओं की महाकाल के प्रति धार्मिक आस्था देखते हुए पृथक से दर्शन व्यवस्था बनाई जा रही है। 11 जुलाई 2023 को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा स्थानीय जन सुविधा के लिए दर्शन व्यवस्था का शुभारंभ किया जाएगा। प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं को लागत मूल्य पर लड्डू प्रसाद उपलब्ध कराया जाता है। मंदिर को वित्तीय हानि न हो इसके लिए लड्डू प्रसाद लागत मूल्य की गणना की गई। वर्तमान में लड्डू प्रसाद लागत रु . 400.84 रुपये प्रतिकिलो आ रही है। इस प्रकार मंदिर को 40.84 रुपये की वित्तीय हानि हो रही है। लड्डू प्रसाद की दर में 100 ग्राम का पैकेट 40 रुपये के स्थान पर 50 रुपये, 200 ग्राम का पैकेट 80 के स्थान पर 100 रुपये, 500 ग्राम का पैकेट 180 के स्थान पर 200 रुपये तथा एक किलो का पैकेट 360 के स्थान पर 400 रुपये किए जाने का निर्णय लिया गया।

# दूध फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव से मचा हड़कंप,एक की मौत, 40 मजदूरों की हालत बिगड़ी

**पटना एजेंसी।** बिहार के हाजीपुर शहर में एक दूध सह आइसक्रीम संयंत्र से अमोनिया गैस के रिसाव के कारण एक मजदूर की मौत हो गई और 40 मजदूर बीमार पड़ गए। घटना शनिवार देर रात की है। मृतक दीनानाथ सिंह हाजीपुर शहर में राज दूध और डेयरी उत्पाद संयंत्र के कर्मचारी थे और पटना जिले के मनेर के निवासी थे।संयंत्र में रिसाव रात करीब पौने नौ बजे शुरू हुआ। वहां मौजूद करीब 40 कर्मचारी सांस लेने में दिक्कत के कारण वे बेहोश हो गये। हादसे के बाद स्थानीय निवासी वहां से भागने लगे।

कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई, लेकिन जिला प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण कर लिया।वैशाली के जिला मजिस्ट्रेट यशपाल मीना ने कहा, हमें संयंत्र से अमोनिया गैस के रिसाव के बारे में पता चला और तुरंत बचाव अभियान चलाया गया। फायर ब्रिगेड और पटना की क्यूआरटी के साथ जिला पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बेहोश कर्मचारियों को बाहर निकाला। उन्हें सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया।जिला अग्निशमन अधिकारियों ने अमोनिया गैस के प्रभाव को कम करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में पानी का छिड़काव किया।

## सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई: पुंछ में एलओसी के पास तीन आतंकियों को किया ढेर

**जम्मू एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तीन आतंकवादियों को मार गिराया है , जबकि एक सैनिक घायल हो गया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि ऑपरेशन रेशम के तहत, भारतीय सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस द्वारा एक जानकारी के आधार पर काउंटर घुसपैठ अभियान शुरू किया गया था।

उन्होंने कहा कि 23–24 जून की मध्यरात्रि को कृष्णा घाटी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया गया, जिसके बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरु हो गयी। मुठभेड़ में एक सैनिक गोली लगने से घायल हो गया। उसे सुरक्षित निकाल लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि नियंत्रण रेखा की ओर भाग रहे तीन घुसपैठियों को भारतीय सैनिकों ने मार गिराया। उन्होंने बताया कि इस बीच इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाश अभियान जारी है।

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान, टेस्ट में रहाणे फिर उपकप्तान, ओडीआई में सैमसन की वापसी




मुबंई । रोहित शर्मा के नेतृत्व में वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा शुक्रवार को कर दी गई। चेतेश्वर पुजारा को टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है जबकि एक दिवसीय इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले रुतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार को टेस्ट टीम में पहली बार शामिल किया गया है। वहीं मध्यम तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टेस्ट और एक दिवसीय दोनो टीमों में जगह नहीं मिल सकी है। संजू सैमसन की वनडे टीम में वापसी हुई है। अजिंक्य रहाणे पुनः टेस्ट टीम के उपकप्तान बने हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती दो टेस्ट मैचों तक यह पद केएल राहुल के पास था। मुकेश कुमार को भी एकदिवसीय स्चड में पहली बार शामिल किया गया हैं। नवदीप सैनी फिट होकर टेस्ट टीम में वापस आए हैं। बीसीसीआई ने शमी को शामिल नहीं किये जाने का कोई कारण नहीं दिया, लेकिन ईएसपीएन क्रिकइंफो की एक रिपोर्ट के अनुसार उनका कार्यभार कम करने के लिए आराम दिए जाने की संभावना थी। भारत को पांच टी20 मैच भी खेलने हैं जिसके लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। भारतीय टीम पहला टेस्ट मैच 12 से 16 जुलाई के बीच विंडसर पार्क, डोमिनिका में खेलेगी जबकि दूसरा टेस्ट और अंतिम टेस्ट मैच 20–24 जुलाई के बीच चैंस पार्क ओवल, त्रिनिदाद में खेला जायेगा। भारतीय टीम मौजूदा दौरे में अपना पहला एक दिवसीय मैच 27 जुलाई से केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में खेलेगी जबकि दूसरा वन डे केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस और तीसरा वनडे एक अगस्त को ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद में खेला जायेगा।

टेस्ट टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, अजिंक्य रहाणे (उप–कप्तान), केएस भरत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मो. सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, नवदीप सैनी।वनडे टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मो. सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

## केरला ब्लास्टर्स ने अपनी महिला फुटबॉल टीम की गतिविधियों पर अस्थायी रूप से रोक लगाई

नई दिल्ली ,। इंडियन सुपर लीग क्लब केरला ब्लास्टर्स ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा क्लब पर लगाए गए वित्तीय प्रतिबंधों के कारण अपनी महिला फुटबॉल टीम की गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगाने की घोषणा की।एआईएफएफ ने शुक्रवार को केरला ब्लास्टर्स एफसी की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें तीन मार्च को बेंगलुरू के खिलाफ आईएसएल प्लेऑफ मैच के दौरान उस पर चार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। उन पर 10 मैचों का बैन लगा है। एआ–ईएफएफ के फैसले के कुछ दिनों बाद, केरला ब्लास्टर्स ने अपनी महिला टीम के संचालन को रोकने के बारे में एक बयान जारी किया। केरला ब्लास्टर्स ने कहा, यह भारी मन के साथ है कि हमें अपनी महिला टीम के अस्थायी ठहराव की घोषणा करनी पड़ रही है। यह निर्णय फुटबॉल महासंघ द्वारा हमारे क्लब पर हाल ही में लगाए गए वित्तीय प्रतिबंधों के कारण आवश्यक है। जबकि हम महासंघ के अधिकार और निर्णयों का सम्मान करते हैं, हम हमारे क्लब के विभिन्न कार्यों पर पडने वाले प्रभाव पर हमारी निराशा को नकार नहीं सकते। क्लब ने कहा, एक बहुत ही उत्साहजनक पहले सीजन के बाद, जिसमें हमारी महिला टीम ने जबरदस्त परिणाम प्राप्त किए, इस साल क्लब की हमारी महिला टीम के लिए निवेश बढ़ाने की योजना थी। इन निवेशों में हमारी पुरुष टीम के साथ अपनी तरह का पहला विदेशी प्री–सीजन दौरा शामिल था,

# स्वण ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतना चाहता हूं : मैट्स विलेंडर



नई दिल्ली । पूर्व स्वीडिश टेनिस स्टार मैट्स विलेंडर का मानना है कि पिछले डेढ़ साल में एटीपी रैंकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि के बाद युवा टेनिस सनसनी होल्गर रूण आने वाले वर्षों में ग्रैंड स्लैम जीत हासिल करना चाहेंगे। वर्ल्ड नंबर 6 रूण ने 2022 की शुरूआत के बाद से उल्लेखनीय प्रगति का अनुभव किया है। डेन ने पिछले साल जनवरी में दुनिया में नंबर 99वां स्थान प्राप्त किया था, लेकिन रैंकिंग के माध्यम से तेजी से चढ़ गए है।20 वर्षीय ने पिछले साल पेरिस मास्टर्स जीता था और इस साल मोंटे कालो और इटैलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। वह अब लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन के चर्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। रूण रौलां गैरो में नाटकीय परिस्थितियों में पहली बार पांच सेट के विजेता बने, जहां छठी वरीयता प्राप्त डेन ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को मात दी और 7–6 (3), 3–6, 6–4, 1–6, 7–6(10–7) से चौथे दौर में जीत हासिल की।नॉर्वे के कैस्पर रूड के खिलाफ रूण के चर्टर फाइनल मैच से पहले, जिसे उन्होंने पिछले साल ग्रैंड स्लैम के उसी चरण में खेला था, विलेंडर ने जोर देकर कहा कि डेन के पास भविष्य में ग्रैंड स्लैम जीत हासिल करने की क्षमता है।विलेंडर ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मैं निश्चित रूप से उनकी समस्या को सुलझाने के कौशल से बहुत प्रभावित हूं। जाहिर है, जब आप टूर्नामेंट के इस समय में पांच–सेट खेल रहे होते हैं, तो आप हमेशा थोड़ा चिंतित रहते हैं, विशेष रूप से चौथा सेट 6–1 से हारने पर। यह थोड़ा चिंताजनक है। लेकिन साथ ही, वह उस सेट को जाने देता है। इसलिए, वह टेनिस मैच में रणनीति के मामले में बहुत परिपच् है, मानसिक रूप से, वह बहुत परिपच् है, लेकिन मुझे लगता है कि वह इधर–उधर अपनी एकाग्रता खो रहा है।लेकिन फिर मैं उसकी तुलना कालोस अल्काराज से कर रहा हूं जो इतना अधिक एकाग्रता नहीं खोता है। इसलिए, रूण एक दिन एक महान खिलाड़ी बनने जा रहा है। उन्होंने कहा, वह पहले से ही वास्तव में अच्छा है और मुझे लगता है कि वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने जा रहा है क्योंकि उसके पास स्विच ऑन करने और थोड़ा सा स्विच ऑफ करने की क्षमता है ।

# सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप : ओडिशा की कर्नाटक पर 4—0 से जीत



अमृतसर । कप्तान जसोदा मुंडा की हैट्रिक की बदौलत ओडिशा ने जीएनडीयू मेन ग्राउंड में सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप ए मुकाबले में कर्नाटक को 4–0 से हरा दिया। मालती मुंडा ओडिशा के लिए अन्य स्कोरर थीं, क्योंकि उन्होंने चार मैचों में नौ अंकों के साथ समूह में रहने के लिए कर्नाटक को पछाड़ दिया, समूह के नेताओं तमिलनाडु से तीन अंक पीछे।

34वें मिनट में कर्नाटक का प्रतिरोध टूट गया जब डिफेंडर ममता पात्रा की एक लंबी गेंद ने कर्नाटक की रक्षा को झकझोर कर रख दिया। जसोदा मुंडा ने एकल रन के साथ इसका सबसे अधिक फायदा उठाया और गेंद को कर्नाटक के संरक्षक और कप्तान ऐश्वर्या ए को नेट के पीछे डालकर ओडिशा को 1–0 से आगे कर दिया।मिनट बाद कर्नाटक की मनासा एम. ने मालती मुंडा को बॉक्स की ओर बढ़ने से रोकने के प्रयास में गेंद को अपने पेनल्टी बॉक्स के अंदर अपने हाथों से छुआ।

जसोदा मुंडा ने निम्नलिखित पेनल्टी से गोल करके ओडिशा को 2–0 कर दिया। इसके बाद जसोदा मुंडा ओडिशा के मैच के तीसरे गोल के लिए प्रदाता बन गईं, जब उनका डिफेंस–स्प्लिटिंग पास ऐश्वर्या ए द्वारा पेनल्टी बॉक्स के किनारे से साफ कर दिया गया था, लेकिन गेंद मालती मुंडा के पास गई, जिन्होंने एक खाली जाल में टैप करके स्कोर 3 कर दिया। –0। जसोदा मुंडा ने 55वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की जब उन्होंने ममता पात्रा के एक पास का पीछा करते हुए ऐश्वर्या ए को राउंड ऑफ किया और आसानी से गोल कर दिया।

## जो परिस्थितियों के साथ बेहतर तरीके से तालमेल बैठाएगा वह मैच जीत जाएगा : विराट कोहली

लंदन ,। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि जो भी (भारत और ऑस्ट्रेलिया) द ओवल की परिस्थितियों से बेहतर तरीके से तालमेल बिठाएंगे, वही बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जीत दर्ज करेंगे।कोहली ने पिच से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार किया और अपनी टीम से सावधानी और ध्यान के साथ खेल को अपनाने का आग्रह किया। 34 वर्षीय ने परिस्थितियों के अनुरूप अनुभव और लचीलेपन की आवश्यकता पर जोर दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि पिच की पिछली अपेक्षाओं पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स पर 'फॉलो द ब्लूज' में कहा, मुझे लगता है कि ओवल चुनौतीपूर्ण होगा, हमें एक सपाट विकेट नहीं मिलेगा और बल्लेबाजों को सतर्क रहने की जरूरत है। हमें अपनी एकाग्रता और अनुशासन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी। इसलिए आपको परिस्थितियों के अनुसार खेलने का अनुभव होना चाहिए और हम इस उम्मीद के साथ नहीं जा सकते कि ओवल की पिच हमेशा की तरह खेलेगी।

# वर्ल्ड कप से पहले आईसीसी का बड़ा फैसला, स्टार गेंदबाज पर लगाया बैन




नई दिल्ली ,। इस साल भारत में होने वाले वर्ल्ड कप को लेकर अभी तक शेड्यूल सामने नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्टूबर–नवंबर में इसका आयोजन हो सकता है। फिलहाल, जिम्बाब्वे में वर्ल्ड कप चलीफायर मुकाबले खेले जा रहे हैं, जहां से दो टीमें वर्ल्ड कप के मेन स्टेज के लिए चलीफाई करेंगी, जबकि भारत समेत बाकी 8 टीमें पहले ही सीधे इस टूर्नामेंट में पहुंच चुकी हैं। लेकिन इसी बीच युनायटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका यानी यूएसए के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। टीम के तेज गेंदबाज काइल फिलिप के खिलाफ आईसीसी ने कड़ा कदम उठाते हुए उनकी गेंदबाजी पर बैन लगा दिया है। वर्ल्ड कप चलीफायर में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मुकाबले में अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल करने की वजह से उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है।काइल फिलिप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मैच में तीन विकेट चटकाए थे। आईसीसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मुकाबले के बाद मैच अधिकारियों ने काइल के एक्शन की रिपोर्ट की और आईसीसी के इवेंट पैनल ने बाद में पुष्टि की कि 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल किया है।नियमों के अनुच्छेद 6.7 के अनुसार, फिलिप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से तुरंत बैन कर दिया गया है। यह बैन तब तक जारी रहेगा जब तक वह अपने गेंदबाजी एक्शन के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत नहीं हो जाता, जिससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि उसका गेंदबाजी एक्शन वैध है।

वर्ल्ड कप चलीफायर में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मुकाबले में अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल करने की वजह से उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है। काइल फिलिप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मैच में तीन विकेट चटकाए थे। आईसीसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मुकाबले के बाद मैच अधिकारियों ने काइल के एक्शन की रिपोर्ट की और आईसीसी के इवेंट पैनल ने बाद में पुष्टि की कि 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल किया है। नियमों के अनुच्छेद 6.7 के अनुसार, फिलिप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से तुरंत बैन कर दिया गया है। यह बैन तब तक जारी रहेगा जब तक वह अपने गेंदबाजी एक्शन के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत नहीं हो जाता, जिससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि उसका गेंदबाजी एक्शन वैध है।

## फिल्मी सफर

# दबंग 4 का इंतजार बढ़ा, सलमान खान ने ठुकरा दी तिग्मांशु धूलिया की कहानी



पिछले काफी समय से दर्शक सलमान खान की सुपरहिट फ्रेंचाइजी दबंग के चौथे भाग का इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले खबर आई कि फिल्म की कहानी पर काम चल रहा है, जिसके बाद अभिनेता के प्रशंसक खुशी से झूम उठे थे। हालांकि, अब जो खबर आ रही है, उससे सलमान के प्रशंसक निराश हो जाएंगे। दरअसल, सलमान ने निर्देशक तिग्मांशु धूलिया की दबंग 4 की कहानी ठुकरा दी है क्योंकि यह उनकी कसौटी पर खरी नहीं उतरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान दबंग 4 की कहानी से कतई खुश नहीं हैं। उन्होंने फिल्म की कहानी लिखने की जिम्मेदारी तिग्मांशु को सौंपी थी। निर्देशन की कमान भी उन्हीं के हाथ में थी। अब जबकि निर्देशक ने कहानी पूरी कर सलमान को सुनाई तो वह इससे संतुष्ट नहीं हुए। अभी फिल्म की बागडोर तिग्मांशु के हाथ में ही रहेगी या उन्हें फिर से कहानी पर काम करने के लिए कहा गया है, फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है। तिग्मांशु ने साहेब बीवी और गैंगस्टर और पान सिंह तोमर जैसी शानदार फिल्में निर्देशित की हैं। इरफान खान अभिनीत पान सिंह तोमर को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। तिग्मांशु की फिल्म साहेब बीवी और गैंगस्टर रिटर्न्स भी सफल रही थी।दबंग का निर्देशन अनुराग कश्यप के भाई अभिनव कश्यप ने किया था। 2010 में आई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। फिर कश्यप के साथ कुछ मतभेद हो जाने के कारण फिल्म के दूसरे भाग का निर्देशन अरबाज खान ने किया था। यह भी 200 करोड़ी बनी थी। इसके बाद दबंग 3 के निर्देशन का काम प्रभु देवा ने संभाला था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई थी। पिछले साल नवंबर में निर्माता–निर्देशक अरबाज ने कहा था, फिल्म पर काम चल रहा है, लेकिन इसे बनाने के लिए मुझे और सलमान को अपनी–अपनी फिल्मों से थोड़ा फ्री होना होगा।

## अक्षय कुमार की फिल्म द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू 5 अक्टूबर को रिलीज होगी

अक्षय कुमार स्टारर द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। निर्माताओं द्वारा नवीनतम अपडेट के अनुसार, फिल्म, जिसे पहले कैप्सूल गिल नाम दिया गया था, इस साल 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।

फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी और अजय कपूर ने किया है जबकि इसका निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है।

द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू पूर्व अतिरिक्त मुख्य खनन अधिकारी स्वर्गीय जसवंत सिंह गिल की वास्तविक घटना पर आधारित है, जिन्होंने 1989 में पश्चिम बंगाल के रानीगंज में बाढ़ वाली कोयला खदान में फंसे 65 लोगों की जान बचाई थी। निर्माताओं ने इसे यॉर्कशायर में पिछले साल शूट किया है। फिल्म में अक्षय गिल का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि इसमें परिणीति चोपड़ा भी अहम भूमिका में हैं।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के एक साथ 4 नए पोस्टर रिलीज



अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उनकी जोड़ी आलिया भट्ट के साथ बनी है। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि करण जौहर इसके निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। अब निर्माताओं ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के एक साथ 4 नए पोस्टर जारी कर दिए हैं, जिसमें रॉकी (रणवीर) और रानी (आलिया) रोमांस करते नजर आ रहे हैं।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसमें रणवीर और आलिया के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में लोकप्रिय कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया का कैमियो भी होगा। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसे सोशल मीडिया पर ठीक–ठाक प्रतिक्रियाएं मिली हैं।इस फिल्म के साथ करण फिल्ममेकर के तौर पर अपने बॉलीवुड में 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म कुछ–कुछ होता है 1998 में प्रदर्शित हुई थी। शाहरुख खान ने भी रॉकी और रानी का टीजर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। किंग खान ने टीजर को शेयर करते हुए करण जौहर की तारीफ भी है। शाहरुख ने लिखा, वॉव करण एक फिल्ममेकर के तौर पर आपने 25 साल पूरे कर लिए।

# बिग बॉस ओटीटी 2 कंटेस्टेंट बेबिका धुर्वे ने क्यों छोड़ा भाग्यलक्ष्मी ?

एक्ट्रेस बेबिका धुर्वे इन दिनों बिग बॉस ओटीटी 2 के घर में हैं. शो में एक्ट्रेस ने पहले हफ्ते में ही बॉन्ड क्रिएट कर लिया है और फ्रेंड्स भी बना लिए हैं. यहां एक्ट्रेस ने भी बताया कि कैसे वो डेंटिस्ट बनी और उन्हें संयुक्त अरब अमीरात में जॉब ऑफर हुई थी.

बता दें कि बेबिका ने रोहित सुचांती और ऐश्वर्या खरे स्टारर शो भाग्यलक्ष्मी से डेब्यू किया था. हालांकि, इस शो में उन्होंने काफी कम समय के लिए काम किया था और शो छोड़ दिया था.

शो में जाने से पहले एक्ट्रेस ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में बताया था कि आखिर उन्होंने ये शो क्यों छोड़ा था. बेबिका बातचीत में कहा, शो के साथ मेरा एक्सपीरियंस काफी एडवेंचर्स रहा है. शो मिलना मेरे लिए काफी मुश्किल जर्नी थी. ये शो मिलने से पहले मैं तीन 3 साल तक ऑडिशन दे रही थी. जब मैं सेट पर गई तो ये मेरे लिए काफी नया था. मैं एक्टिंग के बारे में सीख रही थी और ऑनस्क्रीन जाना मेरे लिए पहली बार था.

आगे उन्होंने कहा, मेरी लाइफ में ऐसा फेज भी आया जहां मेरे कुछ को–स्टार्स ने मेरे साथ खराब व्यवहार किया और मेरा वहां बुरा एक्सपीरियंस रहा. तो शो छोडने का कारण बिग बॉस ओटीटी 2 नहीं था, बल्कि वो खराब ट्रीटमेंट था जो सेट पर शो की कास्ट और क्रू ने मेरे साथ किया.

बिग बॉस के घर के अंदर बेबिका अपने दोस्तों और को–एक्टर्स में से किसे लेकर जाना चाहती हैं? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैं भाग्यलक्ष्मी से अपनी दादी को ले जाऊंगी, वो एंटरटेनिंग और फनी हैं. हम पूरे दिन मजेदार बातें कर सकते हैं और साथ में फैंस को बहुत सारा एंटरटेनमेंट दे सकते हैं.

# निम्रत कौर ने किया दसवीं का सीक्वल आने की खबरों का खंडन



बीते साल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आई फिल्म दसवीं को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। फिल्म की न सिर्फ कहानी को सराहा गया था बल्कि सितारों के प्रदर्शन की भी तारीफ हुई थी। अब कुछ समय पहले खबर आई थी कि फिल्म के सीच्ल को मंजूरी मिल गई है और इसकी पटकथा पर काम चल रहा है, जिसके बाद दर्शक भी उत्सुक हो गए थे। हालांकि, अब अभिनेत्री निम्रत कौर ने सीच्ल की इन खबरों का खंडन कर दिया है। जब निम्रत से दसवीं के सीक्वल आने की खबरों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, नहीं, यह सच नहीं है। यह बिल्कुल अफवाह है। मैंने इसके बारे में नहीं सुना है और इसलिए मेरे पास कहने के लिए कुछ भी नहीं है। अगर यह सच होता तो मैं इसे किसी और के जानने से पहले ही जान चुकी होती। रिपोर्ट के अनुसार, दसवीं के सीक्वल पर काम चल रहा था और जल्द इसकी शूटिंग भी शुरू की जानी थी। निर्देशक तुषार जलोटा ने पटकथा पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसकी मंजूरी वह निर्माता दिनेश विजान से भी ले चुके थे। साथ ही कहा गया था कि फिल्म को साल के अंत तक लाने की तैयारी की जा रही थी। ज्ञात हो कि दसवीं में निम्रत के साथ अभिषेक बच्चन और यामी गौतम नजर आए थे। हाल ही में निम्रत डिज्नी+ हॉटस्टार पर आए शो स्कूल ऑफ लाइज में नजर आई हैं। इसमें निम्रत एक बोर्डिंग स्कूल में करियर काउंसलर की भूमिका अदा कर रही हैं, जहां से एक बच्चा गायब हो जाता है। निम्रत ने कहा, यह जानकर बहुत खुशी हुई कि न केवल फिल्म बिरादरी बल्कि हर कोई जो भी शो देख रहा है, उसे पसंद आया है। यह एक ऐसा शो है, जिसमें दिखाई गई कहानी से हर कोई वाकिफ है। निम्रत का कहना है कि ओटीटी के बाद से ही उनके पास आने वाली स्क्रिप्ट में भी काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा, अब चीजें एक हजार गुना बेहतर हुई हैं। ओटीटी के साथ कंटेंट की बाढ़ सी आ गई और एक अभिनेता के रूप में मुझे बहुत विकल्प मिल गए हैं, जिनसे मैं चुन सकती हूं। उन्होंने कहा, अब हम केवल टीवी या फिल्मों से प्रेरित नहीं हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com